माघ कृष्ण पक्ष - प्रतिपदा, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 182 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म।प्र।/4-474/2024-26
भोपाल
04 जनवरी 2026 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
20.2 अधिकतम
10.8 न्यूनतम



# भोपाल में सीजन का सबसे लंबा कोहरा, दिन की सर्दी ने सताया

चित्र जीजी फ्लाईओवर का
क्लिक टाइम : सुबह 8 बजे

**भोपाल/नईदिल्ली।** मध्यप्रदेश में सर्दी के सीजन में पहली बार सबसे लंबा कोहरा छा रहा है। इसमें राजधानी भोपाल भी शामिल है। सुबह से ही बादल और कोहरे के कारण लोगों को तीखी सर्दी का सामना करना पड़ा। न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज हुआ, लेकिन दिन सर्द बने हुए हैं और अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास चल रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है। बादल छटने के बाद न्यूनतम तापमान में कमी आएगी और कड़ाके की सर्दी पड़ेगी।

**गंगोत्री में पारा माइनस 22° :** उत्तरकाशी के गंगोत्री क्षेत्र में न्यूनतम तापमान माइनस 22 डिग्री पहुंचने से भागीरथी नदी जम गई। दिल्ली में सुबह कोहरा छाया रहा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स में देरी हुई। उत्तर भारत में घने कोहरे के चलते कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं।

## न्यूज विंडो

### 15वीं बार जेल से बाहर आएगा गुरमीत राम रहीम

**सिरसा, एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पर 15वीं बार दरियादिली दिखाई है। वह 40 दिनों के पौरोल पर बाहर आ रहा है। इससे पहले भी वह कई मौकों पर जेल से बाहर आ चुका है। आपको बता दें कि वह अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 20 साल कारावास की सजा काट रहा है। अदालत ने उसे दोनों मामलों में अलग-अलग 10-10 साल की सजा सुनाई थी। इससे पहले वह पिछले साल अगस्त महीने में 40 दिन की पैरोल पर बाहर आया था। इस दौरान उसने डेरा मुख्यालय में सत्संग और प्रवचन भी दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट की शरण में लालू प्रसाद यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के चर्चित आईआरसीटीसी घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अब दिल्ली उच्च न्यायालय के शरण में पहुंच गए हैं।



दरअसल आईआरसीटीसी घोटाले में ट्रायल कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के तहत आरोप तय किए हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने ट्रायल कोर्ट द्वारा आऱोप तय किए जाने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी याचिका पर सोमवार को जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की बेंच सुनवाई करेगी।

### कोरिया ने दिखाए तेवर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय दबाव को दरकिनार करते हुए आज सुबह अपने पूर्वी तट से समुद्र में बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ शिखर वार्ता के लिए चीन रवाना होने से कुछ घंटे पहले हुआ। इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने समुद्र में लंबी दूरी की रणनीतिक क्रूज मिसाइल दागी हैं।

**संडे लाइफ में आज**




- पॉजिटिव एनर्जी के साथ...उन्नति और खुशहाली की हरियाली
- पं. विष्णु राजौरिया का साप्ताहिक राशिफल कॉलम सितारों की बात : पेज 4

**आज का कार्टून**




### चीन और रूस सहित कई देश नाराज, बोले- मादुरो को तुरंत रिहा करे अमेरिका

# ट्रंप के एक्शन का उनके ही देश में विरोध उपराष्ट्रपति डेल्सी को वेनेजुएला की सत्ता

**कराकस, एजेंसी**

अमेरिका ने वेनेजुएला का राष्ट्रपति बदल दिया है। ट्रम्प प्रशासन ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करने के बाद उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया है। वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने डेल्सी से कार्यभार संभालने के लिए कहा है। उधर चीन और रूस सहित कई देशों ने अमेरिका की कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मादुरो की तुरंत रिहाई की मांग की है।

मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया को बीती आधी रात के बाद अमेरिका लाया गया। अमेरिकी सेना का विमान न्यूयॉर्क के स्टुअर्ट एयर नेशनल गार्ड बेस पर उतरा। कड़ी सुरक्षा के बीच मादुरो को प्लेन से उतारा गया। वे नीले रंग की जैकेट में थे, उनके हाथों में हथकड़ी थी। इस दौरान वे लंगड़ाते हुए दिखे। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद पहला वीडियो सामने आया है जिसमें वे हथकड़ी में दिख रहे हैं। इस दौरान निकोलस मादुरो को कमरे में मौजूद अधिकारियों को गुड नाइट और हैप्पी न्यू ईयर कहते हुए भी सुना गया।




गिरफ्तार मादुरो अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ थम्स अप की मुद्रा दिखाते हुए।

### 'मामला ड्रग्स या लोकतंत्र का नहीं, तेल का'

वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की राजनीति में तीखी बहस छिड़ गई है। पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा हमला बोला है। हैरिस ने कहा कि यह कदम न तो ड्रग तस्करी रोकने के लिए है और न ही लोकतंत्र की रक्षा के लिए, बल्कि इसके पीछे तेल हित हैं। एक्स पर उन्होंने लिखा कि वेनेजुएला में ट्रंप की कार्रवाई अमेरिका को न तो ज्यादा सुरक्षित बनाती है और न ही मजबूत। उन्होंने कहा मादुरो एक क्रूर और अवैध तानाशाह हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह कार्रवाई सही या कानूनी है। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने भी मादुरो और उनकी पत्नी की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे युद्ध जैसा कदम और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। एक्स पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा कि उन्हें अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क लाने और संघीय हिरासत में रखने की जानकारी दी गई है।

### भारत की तेल खरीदी पर असर

वेनेजुएला का हालिया संकट भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। कच्चे तेल के भंडार की धरती वेनेजुएला से दुनिया के कई देशों की तरह भारत भी तेल आयात करता रहा है। हालांकि बीते एक दशक में इस स्थिति में खासा बदलाव आया है। बीते साल वह भारत का 10वां सबसे बड़ा तेल निर्यातक बनकर सामने आया। भारत ने उससे करीब 22 मिलियन बैरल कच्चा तेल खरीदा। उसने 2025 में दुनिया की तेल सप्लाई का एक फीसदी हिस्सा यानि 9 लाख बैरल तेल हर दिन प्रोड्यूस किया। ऐसे में अगर वेनेजुएला की तेल सप्लाई पर संकट आया तो, कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा होना तय है। ये ऐसे देशों के लिए और मुश्किलें लाएगा, जो अपनी खपत का ज्यादातर हिस्सा बाहर से खरीदते हैं। उनमें भारत भी शामिल है, जो पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी टैरिफ झेल रहा है।

### मादुरो को बदनाम जेल में रखा जाएगा

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को न्यूयॉर्क सिटी की मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर जेल में शिफ्ट किया गया है। इसे अमेरिका की सबसे खराब जेलों में गिना जाता है। कई लोग जेल की हालत को बेहद गंदा और डरावना बता चुके हैं। जेल में स्टाफ की भारी कमी रहती है। कैदियों के बीच हिंसा आम है।

### मनरेगा में बदलाव पर कांग्रेस का हल्ला बोल

**पटना, एजेंसी**

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर किए जाने का आरोप लगाते हुए 10 जनवरी से 25 फरवरी तक पूरे बिहार में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने का एलान किया है। पार्टी का दावा है कि यह आंदोलन काम के अधिकार की रक्षा के लिए केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित मनरेगा श्रमिकों की आवाज को सड़क से संसद तक पहुंचाने का प्रयास है।

### ईरान में नहीं थम रही हिंसा, 15 की मौत

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान में हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। खराब होती आर्थिक स्थिति के कारण देशभर में भड़के विरोध प्रदर्शनों में अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। संगठन के अनुसार, ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों के 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हो रहे हैं मरने वालों की संख्या 15 तक पहुंच गई है, जबकि 580 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### शिव शाश्वत हैं और हमारी आस्था अडिग : सीएम





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज आर्ट ऑफ़ लिविंग और भोपाल उत्सव मेला की सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा तथा मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग और कृष्णा गौर भी उपस्थित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान महाकाल और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के प्रदेश की राजधानी भोपाल में दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि शिव शाश्वत हैं और हमारी आस्था अडिग है।

### ओडिशा के टेंकनाल में पत्थर की खदान में चट्टानें गिरीं, 4 की मौत, कई फंसे

**टेंकनाल, एजेंसी**

ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्सझ्ञ की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में



लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि खदान के पास विस्फोट करने की परमिशन नहीं थी। जिला खनन कार्यालय ने 8 सितंबर 2025 को पट्टाधारक को नोटिस जारी कर खदान बंद करने का निर्देश दिया था।

**मेट्रो एंकर** — 'ड्रिंक-फ्रॉम-टैप' मिशन से सफलता हासिल करने वाला देश का पहला शहर

# पुरी ने पेश की मिसाल... सीधे पीजिए नल का पानी, कोई फिल्टर नहीं

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

इंदौर में गंदा पानी पीने से 15 लोगों की मौत देश भर में चिंता का विषय बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वाकई आम लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध्ध नहीं कराया जा सकता। वह भी ऐसा कि जिसे सीधे नल से लेकर पीया जा सके, बिना किसी फिल्टर के। इस सवाल का जवाब उड़ीसा के पुरी शहर ने दिया है। जी हाँ , यह देश का पहला ऐसा शहर बन गया है जहां नल से आने वाला पानी बीआईएस यानी भारतीय मानक ब्यूरो के हर पैमाने को पूरा करता है। वहां के लोग इसे बिना वाटर प्यूरीफायर के सीधे पी रहे हैं। भुवनेश्वर और कटक में भी इस मिशन को तेजी से लागू किया जा रहा है। दरअसल इसके लिए उड़ीसा सरकार ने गंभीर प्रयास किये। इसके तहत सुजल योजना यानी कि



'ड्रिंक-फ्रॉम-टैप' मिशन की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य था कि हर घर को चौबीसों घंटे अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। पुरी में पहले चरण में लगभग 25 हजार से अधिक घरों को सीधे पीने योग्य जल की सप्लाई कराई गई। पानी की गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप है। अब शहर के अधिकाँश घरों को योजना से जोड़ा जा रहा है। ड्रिंक फ्रॉम टैप मिशन के तहत नलों से मिलने वाले पानी में क्लोरीनीकरण और ओजोनीकरण होता है। इससे बैक्टीरिया और वायरस को मारने के लिए बेहतर टेक्निक का इस्तेमाल किया जाता है। पानी की क्वालिटी की रियल-टाइम जांच के लिए सेंसर भी लगे होते हैं। बाहरी गंदगी को अंदर आने से रोकने के लिए हाई-प्रेशर पाइपलाइन सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। अत्याधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में कच्चे पानी को कई चरणों में शुद्ध किया जाता है। अवसादन, छानने और कीटाणुशोधन की मल्टी-लेयर प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसके बाद नंबर आता है अल्ट्रा-फिल्ट्रेशन और क्लोरीनेशन का। बैक्टीरिया, वायरस और भारी धातुओं को हटाने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग होता है।

### देश के लिए रोल मॉडल

गौर करने लायक बात यह भी है कि इस प्रक्रिया में पूरी तरह नई पाइपलाइन का इस्तेमाल किया जाता है। पुरी का मॉडल अब दूसरे राज्यों के लिए मिसाल बन चुका है। पुरी ने यह साबित कर दिया है कि भारत में भी नल का पानी सीधे पीने योग्य बनाया जा सकता है। यह सिर्फ एक शहर की सफलता नहीं, बल्कि भविष्य के भारत की झलक है, जहाँ सुरक्षित पानी कोई लग्ज़री नहीं, बल्कि बुनियादी अधिकार होगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसा तकनीकी रूप से संभव है। लेकिन इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, निवेश और पारदर्शी प्रशासन ज़रूरी है।

# सावित्रीबाई फुले ने मुक्ति आंदोलन की नींव रखी, आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ी

**भोपाल।** क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का आयोजन रजत जंयती आडोटोरियम, डॉ. खुशीलाल आयुर्वेदिक कॉलेज में हुआ। प्रभाकर ढोके द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मोहनलाल पाटील ने की। अतिथि के रुप में विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित थे। इस अवसर पर महाराष्ट्र की शाहिरा सीमा पाटील और संगीतकार जाली मोरे ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी ने क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। डॉ. पाटील ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए भारत देश में प्रथम बालिका स्कूल वर्ष 1848 में खोला। नारी मुक्ति आंदोलन की नींव रखी, आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले के कार्य को आगे बढाने का कार्य संविधान निर्माता डॉ. बाबासहाब आंबेडकर ने हिन्दू कोड बिल संसद में लाकर महिलाओं को कानूनी अधिकार दिलाये।





### इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद कलेक्टरों को जांच के निर्देश

# जहां पानी से बीमारियां हुईं, उनकी लिस्टिंग करें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगरीय प्रशासन विभाग लगातार डैमेज कंट्रोल मोड में है। नगरीय निकायों के लिए पेयजल से जुड़ी एसओपी जारी करने के बाद विभाग ने जिला कलेक्टरों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टरों से कहा है कि पेयजल में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इन निर्देशों में जल स्त्रोतों की नियमित जांच, क्लोरीनेशन और पाइपलाइन नेटवर्क की निगरानी को प्राथमिकता देने को कहा गया है।

एसीएस नगरीय प्रशासन संजय दुबे द्वारा निर्देशों में कहा गया है कि हर जल स्त्रोत से सप्लाई से पहले सैंपल जांच अनिवार्य होगी। कहीं भी ई. कोलाई या अन्य हानिकारक बैक्टीरिया पाए जाने पर तुरंत उस क्षेत्र की जल आपूर्ति रोककर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। ऐसे क्षेत्रों की लिस्टिंग के निर्देश हैं जहां पूर्व में पानी से जुड़ी बीमारियां फैल चुकी हैं और प्रशासन ने रोकथाम की थी। ऐसे क्षेत्र लिस्ट करेंगे जिनमें नाली के ऊपर या क्रॉस करके पानी की सप्लाई लाइन गई है, पाइपलाइन बहुत पुरानी है या लगातार टूट फूट होती रहती है। पानी से जुड़ी शिकायतों की लिस्टिंग करके कारण भी रिकॉर्ड में लिखे जाएंगे। कहीं भी वॉल्व, चैम्बर में टूट फूट हो तो तुरंत मरम्मत हो। रोज पानी के सैंपल लेकर टेस्टिंग हो। गड़बड़ी मिले तो तुरंत सुधार हो।



### आकस्मिक संयुक्त निरीक्षण भी करें

प्रशासन जलापूर्ति व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण करें। जिला स्तरीय रिव्यु एंड मॉनिटरिंग कमेटी की लगातार बैठकें आयोजित हों। उपभोक्ताओं को भी समझाएं कि पेयजल सप्लाई लाइन को खुला न छोड़ें। सीवर लाइन पर लगातार ध्यान दें। साथ ही, टंकियों की सफाई, लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत और सीवेज लाइनों से पानी की मिलावट रोकने के लिए संयुक्त निरीक्षण के आदेश दिए गए हैं।

### 138 जगहों पर पानी के लीकेज सुधार, 258 सैंपल भी लिए

शहर के कई इलाकों में दूषित पानी संबंधित शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में नगर निगम का अमला मैदान में उतरकर जांच में जुटा है। निगम के जलकार्य विभाग की टीमों ने शहर के 258 स्थानों से जल के नमूने लेकर परीक्षण किया। जिसमें जल की गुणवत्ता उपयुक्त पाई गई। जलकार्य विभाग के अमले ने 138 स्थानों पर पाइप लाइनों में लीकेज सुधार का कार्य किया और बड़ी टंकियों व सम्प टैंक की सफाई भी की। निगम अमले ने सीएम हेल्पलाइन पर जलप्रदाय से संबंधित 13 शिकायतों एवं महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त 5 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण भी किया। इंदौर में हुए मामले के बाद भोपाल में भी इंजीनियर ऐसी लाइनों को ढूंढ रहे हैं। महापौर मालती राय ने सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और सुपरवाइजरों को निरीक्षण करने को कहा है। वहीं, अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री को नजर रखने को कहा है। जिससे पता चल सके कि कहीं दूषित पानी की सप्लाई तो नहीं की जा रही है। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट देने के आदेश भी दिए हैं। इसके चलते शनिवार को भी टीमें मैदान में रहीं और गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीलिटी व बैक्टेरियल जांच भी की। जिसमें रेसिडुअल क्लोरिन पर्याप्त मात्रा में पाई गई। साथ ही अन्य सभी मानक उपयुक्त पाए गए। निगम अमले ने 31 दिसंबर से वर्तमान तक सभी जोन क्षेत्रों के कुल 721 स्थानों से जल के नमूने लेकर परीक्षण किया गया। जिसमें जल की गुणवत्ता उपयुक्त पाई गई। जानकारी के अनुसार, कई जगहों पर एचएफए योजनाओं, जेएनएनयूआरएम, अवैध कॉलोनियों, झुग्गियों, हाउसिंग बोर्ड और बीडीए कॉलोनियों में सीवेज-पानी लाइनें आसपास ही है।

### राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानों में बड़ा विलंब नहीं

# खराब मौसम के बीच पहली बार कैटेगरी-2 सिस्टम से लैंड हुई फ्लाइट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

घने कोहरे और खराब मौसम की चुनौती के बावजूद शनिवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर डोमेस्टिक उड़ानों के साथ ही दो नॉन-शेड्यूल्ड इंटरनेशनल चार्टर फ्लाइट्स का भी सुरक्षित संचालन किया गया। कम दृश्यता के हालात में आधुनिक तकनीक, बेहतर पूर्व तैयारी और मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं के चलते एयर ट्रैफिक पर कोई खास असर नहीं पड़ा। भोपाल में घने कोहरे के कारण न्यूनतम विजिबिलिटी घटकर लगभग 500 मीटर तक पहुंच गई थी। ऐसे हालात को देखते हुए एयरपोर्ट प्रशासन ने सुबह से ही मिनिमम स्टैंडर्ड विजिबिलिटी सिस्टम लागू कर दिया। इसके चलते डोमेस्टिक फ्लाइट्स का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। इसी दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि तब दर्ज की गई, जब कैटेगरी-2 सिस्टम आधारित लैंडिंग प्रणाली के तहत पहली बार एयर इंडिया की दिल्ली-भोपाल फ्लाइट को सुरक्षित रूप से लैंड कराया गया। कम विजिबिलिटी में हुई यह लैंडिंग राजा भोज एयरपोर्ट की तकनीकी क्षमता और तैयारी का प्रमाण मानी जा रही है। उन्नत एयरफील्ड ग्राउंड लाइटिंग सिस्टम, प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय




के कारण न तो उड़ानों में बड़ा विलंब हुआ और न ही किसी फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा। सुरक्षा प्रतिबंध हटाए जाने तक, यानी दोपहर 1 बजकर 10 मिनट तक, एयरपोर्ट पर कुल 16 एयरक्राफ्ट का आवागमन दर्ज किया गया, जिनसे 2324 यात्रियों ने यात्रा की।

**नॉन-शेड्यूल्ड इंटरनेशनल उड़ानें भी संचालित:** इसी दिन राजा भोज एयरपोर्ट से दो अंतरराष्ट्रीय नॉन-शेड्यूल्ड चार्टर फ्लाइट्स का संचालन भी किया गया। ये उड़ानें भोपाल से मालदीव की राजधानी माले और दुबई के लिए रवाना हुईं, जिनसे कुल 11 यात्रियों ने यात्रा की। इन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए कस्टम और इमिग्रेशन की सभी व्यवस्थाएं एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा की गईं, जिससे यात्रियों को असुविधा नहीं हुई।

# राजधानी में बनेगा सात रेलवे ट्रैक पार करने वाला देश का पहला आरओबी



### मंत्री ने निशातपुरा कोच फैक्ट्री आरओबी निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा कोच फैक्ट्री आरओबी देश का पहला ऐसा रेलवे ओवरब्रिज होगा, जो एक साथ 7 रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरेगा। यह आरओबी भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 क्षेत्र से प्रारंभ होकर छोला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर तक पहुंचेगा। इसका निरीक्षण सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा और सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया जाए।

मंत्री सारंग ने इंजीनियरों से कहा कि आरओबी के निर्माण में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रत्येक चरण की सावधानीपूर्वक निगरानी और परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री सारंग ने बताया कि परियोजना के निर्बाध क्रियान्वयन के लिये पीडब्ल्यूडी, रेलवे, एफसीआई सहित सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी अड़चन न आए। यह रेलवे ओवरब्रिज नवंबर 2026 तक पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस आरओबी के निर्माण से नए और पुराने भोपाल के बीच छोला एवं करोंद क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी तथा लगभग 9 लाख नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। करोंद, बैरसिया, बैरागढ़, विदिशा की ओर से आने-जाने वाले नागरिकों को भोपाल रेलवे स्टेशन तक पहुंचना आसान होगा। मंत्री ने बताया कि आरओबी के निर्माण के लिये राज्य शासन द्वारा रेलवे को राशि हस्तांतरित कर दी है। इसका निर्माण रेलवे द्वारा कराया जायेगा। आरओबी के निर्माण के बाद करोंद, बैरसिया, बैरागढ़ और विदिशा की ओर से आने-जाने वाले यात्रियों को भोपाल रेलवे स्टेशन तक सीधा और सुगम मार्ग मिलेगा। पुराने शहर से भेल क्षेत्र जाने वालों के लिए भी यह ओवरब्रिज अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। भविष्य में यही आरओबी भोपाल एयरपोर्ट तक पहुंच के लिए भी एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के रूप में भूमिका निभाएगा।

# भोपाल के चार बाल साहित्यकारों का नाथद्वारा में होगा सम्मान



**भोपाल।** श्री भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन -2026 का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक साहित्य मंडल नाथद्वारा राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। सम्मलेन में भोपाक चार बाल साहित्यकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। इनमें अशोक व्यास, और श्रीमती सज्जन सिंह साथी को बाल साहित्य विभूषण सम्मान, घनश्याम मैथिल अमृत को चमन सिंह सिंघल स्मृति बाल साहित्य भूषण सम्मान, इंदिरा त्रिवेदी एवं नीना सिंह सोलंकी को पुरुषोत्तम पालीवाल स्मृति बाल साहित्य भूषण सम्मान दिया जाएगा। सभी सम्मानित रचनाकारों को शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र एवं सम्मान निधि भेंटकर की जाएगी। उन्हें राजधानी के साहित्यकार मित्रों एवं साहित्यिक सांगठनों ने बधाई दी है।

### चित्रकार मनीषा के चित्रों की प्रदर्शनी 30 तक

**भोपाल।** मप्र जनजातीय संग्रहालय की 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में शनिवार से भील जनजातीय चित्रकार मनीषा बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है. 69वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 जनवरी तक निरंतर रहेगी। मनीषा के पिता रमेश बारिया एवं माता कस्सु बारिया भी भीली चित्रकार हैं।

### नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट ने प्रदर्शित की फिल्म

# जब मशीन की आंखों ने हर चेहरे को आंका

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सिने क्लासिक के बैनर तले नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट द्वारा प्रदर्शित इस सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। श्रृंखला की शुरुआत करते हुए एनसीएचएससी के अध्यक्ष डॉ. पीके दाश ने कहा कि पर्यावरण, मानव बसाहट और विस्थापन जैसे सामाजिक सरोकारों पर फ़िल्म प्रदर्शन एक नया और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल लोगों को दृश्य माध्यम के ज़रिये न केवल सामाजिक यथार्थ से जोड़ती है, बल्कि पर्यावरण और तकनीक के प्रति अधिक सजग भी बनाती है। फिल्म की कथा एक आदिवासी महिला नेहा के इर्द गिर्द घूमती है, जो तलाक के बाद अपने बच्चों के साथ संघर्षपूर्ण जीवन जीती है। वह डेटा लेबलर के रूप में काम शुरू करती है, जहां उसे हजारों तस्वीरों और वीडियो में चेहरों की पहचान कर मशीन को प्रशिक्षित करना होता है। धीरे-धीरे उसे एहसास होता है कि मशीन लर्निंग के पीछे छिपी मानवीय पक्षपात और संवेदनहीनता समाज के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यहीं से फिल्म एक गहरे सामाजिक विमर्श में बदल जाती है। परदे पर जैसे ही वह दृश्य आया, जब एक



महिला ट्रेन की भीड़ में खड़ी होकर अपने बच्चों की ओर देखती है और मशीन की आंखें हर चेहरे को आंकने लगती है, दर्शक सन्न रह गए। फिल्म ह्यूमन्स इन द लूप ने शुरू से ही यह सवाल खड़ा कर दिया कि तकनीक हमारे जीवन को चला रही है या हम तकनीक को। ह्यूमन्स इन द लूप एक ऐसी फिल्म है, जो मनोरंजन के साथ सोचने पर मजबूर करती है। यह दर्शकों के मन में सवाल छोड़ जाती है कि भविष्य में निर्णय मशीन लेगी या इंसान। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी यह प्रस्तुति संवेदनशील दर्शकों के लिए एक प्रभावशाली अनुभव बनकर सामने आई।

**मेट्रो एंकर**

### नाटक के माध्यम से किया सावित्रीबाई फुले के संघर्ष और साहस को जीवंत

# अगर ज्ञान मिल गया तो गुलामी टूट जाएगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

'हां मैं सावित्रीबाई फुले' नाटक की प्रस्तुति दृष्टिमन रंग कला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा दृष्टिमन थियेटर में दी गई। जिसका निर्देशन रेणुका बरमैया ने किया। नाटक से सावित्रीबाई फुले के संघर्ष और साहस को जीवंत कर दिया। शाम के मंच पर जैसे ही संवाद गूंजा कि अगर ज्ञान मिल गया तो गुलामी टूट जाएगी, दर्शक एक पल में उन्नीसवीं सदी के उस दौर में पहुंच गए जब एक स्त्री अकेले समाज से टकरा रही थी। यह नाटक सावित्रीबाई फुले को केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की मशाल के रूप में स्थापित करता है। प्रस्तुति ने दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर किया कि शिक्षा आज भी समाज को बदलने की सबसे बड़ी ताकत है।



नाटक की कथा सावित्रीबाई फुले के जीवन के उन निर्णायक क्षणों को सामने रखती है, जब उन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर सामाजिक कुरीतियों को चुनौती दी। मंच पर दिखाया गया कि किस तरह 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ा में पहला बालिका विद्यालय खोलने वाली सावित्रीबाई को रोज अपमान, तिरस्कार और हमलों का सामना करना पड़ा। रास्ते में उन पर कीचड़ और गोबर फेंका गया, लेकिन वे रुकी नहीं। नाटक में यह संघर्ष बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से एकल अभिनय में रेणुका बरमैया ने सावित्रीबाई के दृढ़ निश्चय, पीड़ा और आत्मविश्वास को सशक्त रूप से मंच पर रखा। संवाद अदायगी में कहीं कठोरता थी तो कहीं करुणा, जिससे दर्शक भावनात्मक रूप से जुड़ते चले गए। शिक्षा, स्त्री अधिकार, जातिगत भेदभाव और विधवाओं की पीड़ा जैसे विषय नाटक की आत्मा बने रहे। सुरम्य वानखेड़े द्वारा संगीत संयोजन के तालमेल ने दृश्यों की गंभीरता को और गहरा कर दिया। वहीं नरेश जाटव द्वारा प्रकाश व्यवस्था की सटीकता ने दृश्य का भाव स्पष्ट उभरने बेहतरीन कम किया।

**नाटक कटोरा का मंचन आज :** अंतराल थियेटर ग्रुप और रंग आलाप कल्चरल सोसायटी भोपाल के सहयोग से एकल नाटक कटोरा की मंचीय प्रस्तुति रविवार को होगी। यह नाटक उन्नीस वर्षीय संवेदनशील युवक अद्वय की आंतरिक यात्रा को मंच पर उतारता है, जो कविताओं की दुनिया में जीता है और एक पुराने कविता संग्रह से गहरे रूप से जुड़ा है। कविताओं में पढ़ी अनुभूतियां उसके जीवन में घटने लगती हैं और प्रेम के अनुभव उसे आत्ममंथन की ओर ले जाते हैं।




# भाजपा विधायक पटेल को ग्रामीणों ने खदेड़ा, लगाए मुर्दाबाद के नारे

**मऊगंज।** मध्यप्रदेश के मऊगंज से एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है, जहां सत्ता के रसूख पर जनता का आक्रोश भारी पड़ गया। भाजपा विधायक प्रदीप पटेल, जो एक विवादित जमीन पर कांग्रेस नेता के समर्थन में धरने पर बैठे थे, उन्हें ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी बदतर हो गई कि ग्रामीणों ने विधायक को घेर कर 'मुर्दाबाद' के नारे लगाए और उन्हें मौके से खदेड़ दिया।

आखिर क्यों विधायक को अपनी ही विधानसभा में अपनों के बीच से भागना पड़ा तस्वीर गवाह हैं कि जब जनप्रतिनिधि पर पक्षपात के आरोप लगते हैं, तो जनता का गुस्सा किस कदर फूटता है। मऊगंज बायपास पर कड़कड़ाती ठंड में प्लास्टिक की पन्नी के नीचे धरने पर बैठे भाजपा विधायक प्रदीप पटेल को शायद इस बात का अंदाजा नहीं था कि उन्हें यहां से खदेड़ दिया जाएगा। कांग्रेस नेता विनोद मिश्रा के पक्ष में खड़े विधायक ने जैसे ही दूसरे पक्ष के लल्लू पाण्डेय को पुलिस के जरिए थाने भिजवाया, ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया।

### परिवार ने आत्मदाह की कोशिश की

देखते ही देखते सैकड़ों की भीड़ ने विधायक को चारों तरफ से घेर लिया। हवा में 'प्रदीप पटेल मुर्दाबाद' के नारे गूंजने लगे। ग्रामीणों ने विधायक से तीखे सवाल पूछे कि आखिर कोर्ट में लंबित मामले में वे दखल क्यों दे रहे हैं? स्थिति तब और गंभीर हो गई जब लल्लू पाण्डेय के परिवार ने आत्मदाह की कोशिश की। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने विधायक को दो-टूक कह दिया- 'हमारी जमीन से बाहर जाइए'। माहौल इतना बिगड़ गया कि विधायक का वहां ठहरना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों के उग्र तेवर देख पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। पुलिसकर्मियों ने घेरा बनाकर

## अपर कलेक्टर की पोस्टिंग के लिए करना होगा इंतजार

# प्रमोशन के बाद भी डिप्टी कलेक्टर का काम करेंगे राज्य सेवा के 29 अफसर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश को 29 नए अपर कलेक्टर एक जनवरी से मिल गए हैं लेकिन इन्हें कम से कम दो माह तक एसडीएम या कलेक्टर कार्यालय में प्रभारी अधिकारी का ही काम करना होगा। 2 साल पहले अपर कलेक्टर बनने वाले सभी अधिकारियों को ही राज्य सरकार अभी तक जिलों में अपर कलेक्टर नहीं बना सकी है। अब 29 नए अधिकारियों के सामने आने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग को जल्दी ही इनकी पोस्टिंग का रास्ता निकालना होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने 31 दिसंबर को आदेश जारी कर एक जनवरी 2026 से 29 राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को प्रमोट किया है। इन अधिकारियों की अच्छी सीआर के आधार पर इन्हें वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान (संयुक्त कलेक्टर) से प्रवर श्रेणी वेतनमान (अपर कलेक्टर) देने का आदेश जारी किया गया है। 12 दिसम्बर 2025 को हुई विभागीय चयन समिति की बैठक के बाद क्रमोन्नत किए गए इन अधिकारियों की पोस्टिंग अभी जिलों में एसडीएम और संयुक्त कलेक्टर के रूप में है। इन्हें अब जिलों में अपर कलेक्टर या मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के पद पर पदस्थ किया जाएगा क्योंकि दोनों ही पद समान वेतनमान और अधिकार वाले हैं।



### इनको भी मिला है प्रमोशन

जो अन्य संयुक्त कलेक्टर अपर कलेक्टर पद पर प्रमोट हुए हैं उनमें रविशंकर राय भोपाल, बृजेन्द्र कुमार रावत नर्मदापुरम, लक्ष्मीकांत खरे भोपाल, मकसूद अहमद बैतूल, बृजेश सक्सेना उज्जैन, विनय द्विवेदी उपायुक्त राजस्व सागर संभाग, हुनेंद्र घोरमारे, मायाराम कौल बालाघाट, हेमलता सोलंकी खरगोन, ज्योति भलावे छिंदवाड़ा, दिनेश सिंह तोमर सीहोर, वीरेंद्र सिंह दांगी राजगढ़, अयोध्या प्रसाद द्विवेदी मऊगंज, राजेश कुमार यादव उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल, जमील खान सीहोर, ममता खेड़े उपसंचालक प्रशासन अकादमी, विनीत तिवारी भोपाल के पद पर पदस्थ हैं। विभाग ने कहा है कि चार संयुक्त कलेक्टर अयोध्या प्रसाद द्विवेदी, राजेश कुमार यादव, जमील खान, ममता खेड़े, विनीत तिवारी को उनसे सीनियर अफसरों की जांच के चलते रहने और प्रमोशन का लिफाफा बंद रखने के चलते प्रमोट किया गया है। अगर सीनियर अफसरों की जांच खत्म हो जाती है और क्लीनचिट मिलती है तो अपर कलेक्टर के पद पर प्रमोट हो चुके अंतिम पांच अफसरों को क्रमावनत किया जाएगा।

### ये अधिकारी बने अपर कलेक्टर, पदस्थापना यथावत

| अधिकारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना |
|---|---|
| मणिन्द्र कुमार सिंह | संयुक्त कलेक्टर, नरसिंहपुर |
| राजन बी. नाडिया | संयुक्त कलेक्टर, भिंड |
| महेश कुमार बमनहा | संयुक्त कलेक्टर, गुना |
| क्षितिज शर्मा | संयुक्त कलेक्टर, विदिशा |
| संजू कुमारी | अवर सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग |
| बलवीर रमन | संयुक्त कलेक्टर, रायसेन |
| अखिलेश कुमार सिंह | संयुक्त कलेक्टर, सिंगरौली |
| राजेश कुमार शुक्ला | संयुक्त कलेक्टर, सीधी |
| शैलेंद्र सिंह | संयुक्त कलेक्टर, टीकमगढ़ |
| भूपेंद्र सिंह कुशवाह | संयुक्त कलेक्टर, मुरैना |
| गोपाल सिंह वर्मा | संयुक्त कलेक्टर, इंदौर |
| नीरज शर्मा | उपायुक्त, भू-अभिलेख, ग्वालियर |

**दो डिप्टी कलेक्टर बने संयुक्त कलेक्टर-** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश में दो डिप्टी कलेक्टरों को प्रमोट कर संयुक्त कलेक्टर बनाया है। ये अधिकारी राकेश परमार डिप्टी कलेक्टर इंदौर और अनुराग निंगवाल डिप्टी कलेक्टर शिवपुरी हैं।

इसके अलावा अपर कलेक्टर स्तर को पांच अफसरों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान पर क्रमोन्नत किया है। सीनियर अपर कलेक्टर की कैटेगरी में आने वाले ये अधिकारी महिप कुमार तेजस्वी उप सचिव सामान्य प्रशासन पूल, लक्ष्मी गामड़ अपर नियंत्रक गवर्नमेंट प्रेस भोपाल, प्रवीण फुलपगारे सीईओ जिला पंचायत दमोह, भुरला सोलंकी अपर कलेक्टर शाजापुर और महेंद्र सिंह कवचे अपर कलेक्टर दतिया हैं।

## मुख्यमंत्री ने की कृषि वर्ष-2026 की समीक्षा, बोले-

# अटल प्रोग्रेस-वे से चंबल विकास को मिलेगी तेजी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना चंबल क्षेत्र के समग्र विकास को तेज करेगी। बैठक में अटल प्रोग्रेस-वे के दो प्रस्तावित प्लान का प्रेजेंटेशन दिया गया। मुख्यमंत्री ने मार्ग को व्यापक पर्यटन दृष्टि से देखने को कहा और निर्देश दिए कि पेंच नेशनल पार्क, कान्हा तथा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और पन्ना नेशनल पार्क को जोड़ने वाले हिस्से को टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि 625 किलोमीटर लंबा यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप वाइल्डलाइफ टूरिज्म को बढ़ावा देगा और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से मुरैना, श्योपुर और भिंड के जिले राष्ट्रीय और अंतरराज्यीय एक्सप्रेस-वे से जुड़ेंगे और राजस्थान से निकलने वाले दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे व उत्तर प्रदेश के आगरा-लखनऊ हाईवे से सीधा कनेक्शन बन जाएगा।

### अध्ययन के लिए ब्राजील, इजराइल जाएंगे किसान

साल 2025 में मनाए गए उद्योग वर्ष के बाद अब 2026 कृषि को समर्पित होगा। इसकी शुरुआत जनवरी में नर्मदापुरम में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि वर्ष-2026 की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पूरे साल का फोकस किसानों की आय बढ़ाने व कृषि आधारित रोजगार सृजन पर रहेगा। साल भर के आयोजनों का कैलेंडर भी जारी हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि वर्ष-2026 के तहत शुरू होने वाली सभी गतिविधियां तीन साल के स्पष्ट लक्ष्य के साथ संचालित होंगी। इसमें कृषि यंत्रीकरण, किसानों के लिए प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, उद्यानिकी विस्तार और एफपीओ के गठन को प्राथमिकता दी जाएगी। कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल तकनीक को बढ़ाया जाएगा।

## पुलिस कमिश्नर ने जारी किया आदेश

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और कमेंट पर सख्ती, अफवाह और भ्रामक सूचना पर जीरो टॉलरेंस

**भोपाल।** भोपाल में सोशल मीडिया के जरिए साम्प्रदायिक तनाव और सामाजिक वैमनस्य फैलाने की आशंकाओं को देखते हुए पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी इस आदेश के अनुसार फेसबुक, वॉट्सऐप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ, धार्मिक, जातिगत और सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले संदेशों, फोटो, वीडियो और ऑडियो के प्रसारण पर पूर्ण रोक लगाई गई है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और अगले दो माह तक प्रभावी रहेगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और खासकर उन पर किए जाने वाले उकसाने वाले कमेंट्स से कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका रहती है। इसी को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बिगड़ सकती है शांति व्यवस्था-** पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा समाज के ताने-बाने को तोड़ने के प्रयास सामने आए हैं। फेसबुक, वॉट्सऐप और अन्य प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट, छेड़छाड़ किए गए फोटो-वीडियो और भड़काऊ ऑडियो संदेशों के जरिए दो समुदायों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश की जाती है। कई बार इन पोस्टों का मकसद लोगों को एक जगह इकट्ठा करना और किसी समुदाय विशेष के खिलाफ माहौल बनाना होता है। इससे भोपाल शहर की सामुदायिक सद्भावना और कानून-व्यवस्था पर सीधा असर पड़ सकता है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो हालात बिगड़ सकते हैं।

### पोस्ट से ज्यादा संवेदनशील कमेंट और क्रॉस कमेंट

आदेश में विशेष रूप से यह उल्लेख किया गया है कि कई मामलों में पोस्ट से ज्यादा खतरनाक उस पर आने वाले कमेंट और क्रॉस कमेंट होते हैं। सोशल मीडिया पर लोग बिना जिम्मेदारी के द्वेषपूर्ण, अश्लील और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। यही कमेंट्स धीरे-धीरे इंटरनेट पर 卐सोशल मीडिया वॉर卐 का रूप ले लेते हैं, जो वास्तविक दुनिया में हिंसा और तनाव का कारण बन सकते हैं। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि ऐसी गतिविधियां लोक व्यवस्था और सामाजिक शांति के लिए गंभीर खतरा हैं।

## 16 मौतें, विपक्ष के टॉप लीडर सोशल मीडिया पर एक्टिव

# पंचायत कमेटियां बनाने में व्यस्त जीतू दिग्विजय-कमल ट्वीट तक सीमित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

इंदौर में दूषित पानी के कारण अब तक 16 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इस घटना को लेकर पूरे देश भर के नेता सरकार पर हमलावर हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बसपा सुप्रीमो मायावती, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी इस मामले में मप्र और केन्द्र की भाजपा सरकार को घेर रहे हैं।

देश भर में इस घटना को लेकर हो रहे विरोध के बावजूद एमपी के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस टॉप लीडर्स ग्राउंड से गायब हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सोशल मीडिया पर ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय लेकर अफसरों और सीएम पर हमले कर रहे हैं।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और कमलनाथ सिर्फ ट्विटर पर ही सरकार को घेरने में लगे हैं। अब तक दोनों सीनियर नेता इंदौर नहीं गए।



### गृह नगर में घटना हुई, पटवारी पंचायत कमेटियां बनाने में जुटे

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी इंदौर जिले की राऊ सीट से विधायक रहे हैं। उनके गृह नगर इंदौर में लगातार दूषित पानी से मौतें हो रहीं हैं। वे 30 दिसंबर को इंदौर गए और दूषित पानी से जिन लोगों की मौतें हुई उनके परिवारजनों से मिले। लेकिन, 30 दिसंबर के बाद से जीतू पटवारी पंचायत कमेटियां बनाने में व्यस्त हैं। हालांकि जीतू पटवारी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी लगातार इस मुद्दे को उठा रही है। मामले में यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस प्रदर्शन करेगी।

## भोपाल में स्त्री शक्ति संवाद में मोहन भागवत बोले-

# बेटी बहकावे में कैसे आती है, परिवार सोचें, कहा- परिवारों में चर्चा होगी तब रुकेगा लव जिहाद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि ÷लव जिहाद पर रोकथाम की शुरुआत परिवार से होनी चाहिए और यह सोचने की जरूरत है कि बेटी बहकावे में कैसे आ जाती है। उन्होंने परिवारों को आत्ममंथन करने और अपने घर में लगातार संवाद कायम रखने की सलाह दी। भागवत ने 'स्त्री शक्ति संवाद' में कहा कि परिवार और समाज में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय है। बेटियों को सावधानी और आत्मरक्षा के संस्कार देना, परिवार में खुला संवाद रखना और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना बेहद जरूरी है। भोपाल के शिवनेरी भवन में आयोजित 'स्त्री शक्ति संवाद' कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि स्त्री और पुरुष श्रेष्ठता की तुलना व्यर्थ है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति और पुरुष के संयोग से ही सृष्टि संभव है, अलग-अलग रहकर कोई भी पूर्ण नहीं हो सकता है।



### ये भी बोले भागवत

**महिला ही समाज की शिल्पकार:** संघ प्रमुख ने कहा कि बच्चों के संस्कारों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मां की होती है। गृहिणी के बिना घर की कल्पना भी संभव नहीं है। महिलाएं जोड़ती हैं, संभालती हैं और परिवार में संतुलन बनाए रखती हैं।

**पश्चिमीकरण की अंधी दौड़ पर सवाल:** भागवत ने कहा कि आधुनिकता के नाम पर पश्चिमी जीवनशैली की अंधी नकल खतरनाक है। भारतीय परंपरा में नारी का स्थान मातृत्व से और अधिक ऊंचा होता है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय नारी ने हर काल में शक्ति और साहस का परिचय दिया है।

**मानसिक तनाव और आत्महत्या पर भी चिंता:** उन्होंने कहा कि घर में कोई भी व्यक्ति अकेला महसूस न करे, यह बेहद जरूरी है। संवाद की कमी और असंभव अपेक्षाएं मानसिक तनाव को जन्म देती हैं। बच्चों पर लक्ष्य थोपने के बजाय उनकी रुचियों को समझना जरूरी है। जीवन में केवल सफलता नहीं, जीवन की सार्थकता अधिक महत्वपूर्ण है।

**मेट्रो एंकर**

## प्रदेश में खोखला साबित हो रहा मुफ्त दवा का वादा

# 51 जिलों में दवाइयों का अकाल, स्वास्थ्य विभाग की खुली पोल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के जिला अस्पतालों में इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों के लिए मुफ्त दवा का वादा कागजी साबित हो रहा है। प्रदेश के 51 जिलों के सिविल सर्जन दवा स्टोर (सीएस ड्रग स्टोर) इस समय दवाओं के संकट से जूझ रहे हैं। आलम यह है कि जो जिले दवाओं की उपलब्धता में टॉप रैंकिंग पर हैं, वहां भी 100 से अधिक प्रकार की दवाएं स्टाक में नहीं हैं। प्रदेश के कई जिलों में तो संकट इतना गहरा है कि करीब 40 प्रतिशत दवाएं उपलब्ध ही नहीं हैं। दवाओं के इस संकट की मुख्य वजह मप्र हेल्थ कॉर्पोरेशन की लचर व्यवस्था है। दरअसल, कॉर्पोरेशन रेट कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से दवाओं की खरीदी कर उन्हें अस्पतालों को सप्लाई करता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आवश्यक दवाओं की सूची (ईडीएल) में शामिल सभी दवाओं के लिए अब तक रेट कॉन्ट्रैक्ट की प्रक्रिया ही पूरी नहीं की जा सकी है। शासन की इसी सुस्ती के कारण अस्पतालों के रैक खाली हो रहे हैं।



स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में रीवा सिविल सर्जन दवा स्टोर आवश्यक दवा उपलब्धता के मामले में प्रदेश में पहले नंबर पर है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां भी 102 तरह की दवाएं गायब हैं। दूसरे नंबर पर आगर मालवा और तीसरे नंबर पर टीकमगढ़ दवा उपलब्धता में है लेकिन यहां भी 103-103 तरह की दवाओं का स्टाक शून्य है। बड़े शहरों के सिविल सर्जन स्टोर भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। जबलपुर में 154, भोपाल में 140, इंदौर में 128 और ग्वालियर में 122 तरह की दवाएं मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। यहां स्टोर से गायब दवाओं में केवल सप्लीमेंट्स ही नहीं, बल्कि अति-आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं भी शामिल हैं। बैंडेज और पट्टियां, एंटीबायोटिक, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन तक उपलब्ध नहीं हैं।

### भर्ती मरीजों पर भी प्रभाव आवश्यक, दवाओं की कमी

जिला अस्पताल में भर्ती और ओपीडी में इलाज कराने आने वाले मरीजों को प्रभावित करती है। दवाएं उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को बाहर से दवाएं लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हम मप्र हेल्थ कॉर्पोरेशन को दवाओं के ऑर्डर भेजते हैं। आगे की प्रक्रिया वहीं से पूरी की जाती है।

- पता चला है कि दवाओं का रेट कॉन्ट्रैक्ट (आरसी) नहीं होने से इस तरह की दिक्कत आई है- डा. राजेश कुमार शर्मा, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, मुरार।
- 1200 से ऊपर दवा के आरसी हैं। दवा संबंधित संस्थानों द्वारा आर्डर की जाती है। -मयंक अग्रवाल, एमडी, मप्र हेल्थ कॉर्पोरेशन।

दोपहर मेट्रो

संडे लाइफ

भोपाल, रविवार, 04 जनवरी 2026





## हैप्पी - लकी गार्डनिंग

**नए साल में नई शुरुआत**

# पॉजिटिव एनर्जी के साथ ... उन्नति और खुशहाली की हरियाली

*नए साल की शुरुआत नई उम्मीदों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना चाहते हैं तो घर में कुछ खास पौधे लगा सकते हैं। जो न केवल हरियाली लाते हैं, बल्कि सुख-समृद्धि और धन को भी आकर्षित करते हैं। साल 2026 में आर्थिक उन्नति और खुशहाली लाने के लिए कुछ ख़ास पौधों को घर का हिस्सा बनाने की सलाह दी जाती है।*

क्या आप जानते हैं कि आपके घर के कोने में रखा एक छोटा सा पौधा आपकी किस्मत के बंद दरवाजे खोल सकता है। वास्तु और फेंगशुई में कुछ पौधों को 'पॉजिटिव एनर्जी' और 'धन' का चुंबक माना गया है। न्यू ईयर पर अक्सर महंगे तोहफे और सजावट पर खर्च करते हैं, लेकिन इस बार घर में कुछ ऐसे खास पौधे लाएं जो न केवल हवा को शुद्ध करेंगे, बल्कि सुख-समृद्धि को भी आकर्षित करेंगे।

चाहे वह पैसा खींचने वाला 'क्रासुला' हो या सौभाग्य लाने वाला 'लकी बैम्बू'–इन पौधों को उगाना इतना आसान है कि कोई भी इन्हें अपने घर या ऑफिस डेस्क पर सजा सकता है। हम आपको नए साल की शुरुआत के लिए पांच पौधों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें बिना ज्यादा देखभाल के आप उगा सकते हैं।

### मनी प्लांट- आर्थिक समृद्धि का प्रतीक:



मनी प्लांट के नाम से ही पता चलता है कि इसका सीधा संबंध धन से माना जाता है। वास्तु के अनुसार, इसे घर की दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना सबसे शुभ होता है। कहा जाता है कि जैसे-जैसे मनी प्लांट की बेल ऊपर की ओर बढ़ती है, घर के सदस्यों की आमदनी और मान-सम्मान में भी बढ़ोतरी होती है। इसे मिट्टी या कांच की बोतल में पानी भरकर आसानी से उगाया जा सकता है। बहुत ज्यादा धूप की जरूरत नहीं होती, इसलिए यह इनडोर प्लांट के रूप में बेस्ट है।

### तुलसी - पवित्रता और औषधि का पौधा



भारतीय घरों में तुलसी को देवी का रूप माना जाता है। आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ पौधा विज्ञान की दृष्टि से भी बहुत लाभकारी है। कहा जाता है कि जिस घर में तुलसी का हरा-भरा पौधा होता है, वहां नकारात्मकता नहीं आती। खास बात है कि ऑक्सीजन का बेहतरीन स्रोत है और हवा को शुद्ध करता है। धन की देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए तुलसी का पौधा लगाना सबसे बढ़िया है। इसे धूप वाली जगह जैसे बालकनी या आंगन में लगाएं और नियमित रूप से पानी दें। सर्दी के मौसम में इसे ओस से बचाकर रखना चाहिए।

### क्रासुला - धन को खींचने वाला चुंबक:

क्रासुला ओवाटा को 'मनी ट्री' या 'फ्रेंडशिप ट्री' भी कहा जाता है।



खास बात है कि यह मां लक्ष्मी का पसंदीदा पौधा भी है। फेंगशुई में इसे धन को आकर्षित करने वाला 'मैग्नेट' माना गया है। इसकी पत्तियां मोटी और मांसल होती हैं, जो देखने में बहुत सुंदर लगती हैं। घर के मैन गेट के राइट साइड रखने से सकारात्मक ऊर्जा और धन का आगमन होता है। यह एक 'सकुलेंट' पौधा है, जिसे बहुत कम पानी की जरूरत होती है। अगर आप बिजी रहते हैं, तो भी यह पौधा बिना ज्यादा देखभाल के आसानी से फलता-फूलता है।

### स्नेक प्लांट - अच्छी सेहत और तरक्की

स्नेक प्लांट को अपनी कठोरता और हवा को शुद्ध करने की अद्भुत क्षमता के लिए जाना जाता है।



यह पौधा रात में भी ऑक्सीजन छोड़ता है और हवा से जहरीले तत्वों को सोख लेता है। वास्तु के अनुसार, घर के सदस्यों के बीच के तनाव को कम करता है और समृद्धि के द्वार खोलता है। इसे आप हफ्तों तक पानी न दें, तो भी यह नहीं सूखता। कम रोशनी और कम पानी में भी यह अपनी चमक बनाए रखता है।

### लकी बैम्बू- सौभाग्य का प्रतीक



: चीनी ज्योतिष और वास्तु में लकी बैम्बू को सौभाग्य और लंबी उम्र का प्रतीक माना गया है। नए साल पर इसे घर लाना या किसी को गिफ्ट करना बहुत शुभ होता है। यह घर के ऊर्जा के स्तर को बैलेंस करता है। इसे ऑफिस डेस्क या लिविंग रूम में रखने से करियर में तरक्की मिलती है और मानसिक शांति बनी रहती है। इसे किसी गमले की जरूरत नहीं होती। बस एक कांच के कटोरे या जार में पानी भरकर और कुछ पत्थर डालकर कहीं भी रखा जा सकता है। बस सप्ताह में एक बार इसका पानी बदलते रहें।

## जीवन-दर्शन

# मन की शांति से ही जीवन की सफलता और संतुष्टि

अवधेशानंद गिरि
आध्यात्मिक गुरु



जीवनपर्यंत हम कुछ न कुछ लक्ष्य हासिल करने की आपाधापी में लगे रहते हैं। जीवन के बहुत वर्ष बीत जाने के बाद हमें यह समझ में आता है कि सबसे जरूरी तो मन की शांति है। मन शांत रहने पर ही जीवन सफल और संतुष्ट माना जा सकता है। जीवन में शांति का होना बहुत आवश्यक है। हमें यह जानना जरूरी है कि मन की शांति कैसे मिल सकती है। सुखी और शांतिपूर्ण जीवन के मार्ग अलग-अलग कर्म के वास्तविक अर्थ समझने पर प्राप्त हो सकते हैं। इंसान अपने दैनिक कार्यों में लगे रहते हुए भी उस अवस्था तक पहुंच सकता है। स्वामी जी के अनुसार जो इंसान मानवता की सेवा में लगा हुआ है, उसे जीवन में असीम शांति मिल सकती है। किसी जरूरतमंद की मदद करना ईश्वरीय भक्ति के समान है। इसके माध्यम से वह सच्चा सुख का मर्म समझ सकता है। वह मानव जन्म के वास्तविक उद्देश्य को भी आसानी से समझ सकता है।

**आंतरिक शक्ति और सद्भाव:** मानवता की सेवा केवल दार्शनिक अवधारणा नहीं हो सकती है, बल्कि यह एक व्यावहारिक मार्गदर्शन है, जिसे कोई भी व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में लागू कर सकता है। वर्तमान क्षण को अपनाने, आत्म-करुणा का अभ्यास करने और सार्थक संबंधों को पोषित करने से इस कार्य में और अधिक मदद मिल सकती है। इसके लिए उसे किसी भी प्रकार की आसक्ति और अपेक्षा को छोड़ना होगा। इससे उसे अपने अस्तित्व की गहराई और गहन परिवर्तन का अनुभव हो सकता है।



इससे उसे उद्देश्यपूर्ण जीवन, आंतरिक शक्ति और सद्भाव से भरा जीवन प्राप्त होगा। 'खुशी एक बहुत ही व्यक्तिगत अवधारणा हो सकती है। खुश होने पर व्यक्ति का मन शांत हो सकता है। अक्सर ख़ुशी को स्वास्थ्य, समृद्धि, सामाजिक स्थिति, पेशेवर या रचनात्मक संतुष्टि, प्यार करने वाले परिवार और दोस्तों से जोड़ कर देखा जाता है। भारतीय संस्कृति और धर्मग्रंथों में शांति मंत्र के माध्यम से खुशी और शांति को बढ़ावा देने की बात कही जाती है। आकाश में शांति, अंतरिक्ष में, पृथ्वी पर, जल में, पौधों और पेड़ों में, प्रकृति के तत्वों में और पूर्ण चेतना में शांति उपस्थित है। इसलिए हमारे अंदर भी शांति होनी चाहिए। यह शांति आत्म-खोज और आत्मानुशासन से आ सकती है।

**सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति :** जब हम आत्म-खोज और आध्यात्मिक जागृति की यात्रा पर निकल पड़ते हैं, तो हम जीवन की चुनौतियों का सामना शालीनता से करना सीखते हैं। अपने और दूसरों के प्रति करुणा विकसित करते हैं। अपने भीतर छिपी गहरी सच्चाइयों से जुड़ना सीखते हैं। ये भाव हमें याद दिलाते हैं कि हमारे पास न केवल अपने भीतर, बल्कि अपने आस-पास की दुनिया में भी सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति है। हम अपने अस्तित्व के सच्चे सार की खोज कर सकते हैं और अपनी उच्चतम क्षमता को प्रकट कर सकते हैं।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 04 जनवरी से 10 जनवरी तक

पंडित विष्णु राजौरिया



**मेष:** मेष राशि के जातक अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें , खानपान के प्रति विशेष सावधानी बरतें स्वास हृदय संबंधी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है विशेष रूप से 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके जातक इस बात पर ध्यान दें।

**वृषभ:** वृषभ राशि के जातकों को कार्यभार की अधिकता बनी रहेगी निरंतर भाग दौड़ होने से स्वास्थ्य में गिरावट के संकेत हैं। राजकीय क्षेत्र में कार्य करने वाले जातकों को उच्च लोगों से लाभ होगा पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मान प्राप्त होना एवं समाज के बीच में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन:** मिथुन राशि के जातक घर परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित रह सकते हैं विशेष रूप से घर की बुजुर्ग महिला मां या बहन या पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है इस संबंध में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है ,आपके आर्थिक कार्य नियमित रूप से चलते रहेंगे।

**कर्क:** कर्क राशि के जातकों को यह समय अत्यंत अनुकूल है आपका व्यापार व्यवसाय आर्थिक स्थिति उन्नति की ओर अग्रसर होगी हाथ में लिए गए कार्य शीघ्र संपन्न होंगे तथा आपकी योजनाएं भी साकार रूप ले सकें, इस हेतु बड़ों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** सिंह राशि के जातक वर्तमान में अपने कार्यों को करने में उत्तम दिशा में जा रहे हैं, कुछ दिनों से लंबित कार्य अब संपन्न होने की स्थिति में आ सकेंगे ,व्यापार व्यवसाय एवं कृषि के क्षेत्र के जातकों को उत्तम सफलताएं प्राप्त होंगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता बनी रहेगी।

**कन्या:** कन्या राशि के जातक आपका समय अत्यंत उत्तम रहेगा, इस सप्ताह में आई के साधनों में वृद्धि आए में वृद्धि एवं आपके द्वारा किसी भी योजना पर कार्य करने की दिशा में उन्नति होगी। निकट के संबंधों में मांगलिक कार्य संपन्न कराने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहने के संकेत हैं।

**तुला:** तुला राशि के जातक अपने कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे साथी व्यापार व्यवसाय राजनीति एवं प्रबंधन संबंधी कार्यों में आपकी निपुणता और कुशलता से आपको सम्मान और यश की प्राप्ति होगी। घर परिवार में सुखद वातावरण रहने के संकेत हैं किसी प्रशिक्षित मंगल कार्य के होने से घर परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि के जातकों को यह सप्ताह अत्यंत अनुकूल बना रहेगा लेकिन भाग दौड़ और परिश्रम से भरा सप्ताह रह सकता है, अनेक स्थानों की यात्रा अपने कार्य की व्यस्तता के कारण आप कुछ थकान महसूस कर सकते हैं ,अत सावधानी पूर्वक कार्यों को करें, लेनदेन में विशेष सावधानी बरतें अनीता आपको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**धनु राशि:** धनु राशि के जातक शीतऔर कफ के प्रकोप से सावधानी रखें, आपको स्वास्थ्य में गिरावट हो सकती है, साथी आपको यात्रा में भी कष्ट हो सकता है, ऐसे समय में यात्रा को डालने का प्रयास करें। अत्यावश्यक कार्य होने पर ही गुड का सेवन कर यात्रा करें।

**मकर राशि:** मकर राशि के जातक निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं इस सप्ताह में भी आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती दिखाई दे रही है व्यापार व्यवसाय एवं कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले जातकों को यह सप्ताह अत्यंत उन्नति कारक रहेगा।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातक अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव करेंगे उनके कार्य क्षेत्र में विस्तार होने से निरंतर उनके संपर्क बढ़ेगा साथी अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी, पुराने संबंध में कुछ कड़वाहट आ सकती है ,इसके प्रति सचेत रहें ,एवं सभी से मेलजोल बनाकर रखने की आवश्यकता बनी हुई है।

**मीन राशि:** मीन राशि के जातकों को यह सप्ताह उत्तम रहेगा साडेसाती होने के बावजूद इस सप्ताह हमें आपको धन लाभ व्यापार व्यवसाय में वृद्धि होगी कुछ विषयों पर मानसिक चिंतन बना रहेगा ,परिवार के बुजुर्ग एवं बच्चों के प्रति विशेष सावधानी की आवश्यकता बनी रहेगी, बुजुर्ग का स्वास्थ्य खराब हो सकता है, साथी किसी छोटे बच्चों को चोट चपेट लगने की स्थिति बन सकती है।

## दिया कबीरा रोय

# यह नववर्ष हमें (एक हफ्ते तक) स्वीकार नहीं...

सुधीर नायक
व्यंग्यकार-ट्रेड यूनियन लीडर



महाकवि दिनकर जी को लोग भूलते जा रहे थे। यह अच्छा हुआ कि अब कुछ साल से नववर्ष की शुरुआत दिनकर जी से ही होती है। 25-26 दिसंबर से दिनकर जी की एक कविता वायरल होना शुरू होती है तो 03- 04 जनवरी तक वायरल रहती है। लगभग एक हफ्ते का दिनकर-काल हर साल आता है।

**'यह नववर्ष हमें स्वीकार नहीं है, अपना यह व्यवहार नहीं':** वैसे मुझे मालूम है कि दिनकर जी यदि चाहते भी तो भी इतनी बेकार कविता नहीं लिख सकते थे। कविता तो खैर वह है भी नहीं। लेकिन किसी अनाड़ी तुकबंद की इस तुकबंदी से ही नये साल का स्वागत करने का दस्तूर है। मैंने शिब्बू भैया से पूछा। मैंने कहा-उर्वशी,रश्मिरथी, रसवंती-दिनकर जी के सारे काव्य देख डाले यह कविता कहीं नहीं दिखी। शिब्बू भैया ने कहा-किसी भी बहाने से दिनकर जी का नाम लिया जा रहा है, तुम्हें तो खुश होना चाहिए।यह तुकबंदी नहीं होती तो दिनकर जी को कौन पूछ रहा था, आजकल। अपना मुंह बंद रखो।ज्यादा कीड़ा काटता है तो दो चार तुकबंदियां महादेवी, निराला, प्रसाद जी वगैरह की भी चलवा दो।उनका भी नाम चलेगा बेचारों का। नया दौर है।अब इंसान उन कामों से जाना जायेगा जो उसने किये ही नहीं।बातचीत चल रही थी तभी सामने से आता हुआ अंग्रेजी नया साल 2026 दिखा।मैं सोच रहा था, वह दुखी होगा।लेकिन वह तो हंसता हुआ आया। मैंने कहा-भाई तुम गज़ब बेशर्म हो। इतनी गालियां खाते हो और हंस रहे हो। सब लोग कह रहे हैं यह हमारा नववर्ष नहीं। हमको कोई हर्ष नहीं। नया साल बोला-भाई साहब,ये तो दिल्लगी की बातें हैं। मीठी छेड़छाड़ है। आपके यहां तो समधी को भी गालियां दी जातीं हैं। बरातियों को गाली दी जाती हैं।फिर गले भी लगाया जाता है। क्या मैं इतना भी नहीं समझता कि यह यहां का रिवाज है। एक हफ्ते तक गालियां देते हैं फिर गले से भी तो लगा लेते हैं। ये प्यार की गालियां हैं,भाई साहब।मैं इनका बुरा नहीं मानता। पूरे साल फिर मेरे बिना कोई काम नहीं होता।लाला रामस्वरूप का पंचांग किसी कोने में पड़ा रहता है। मुझे इज्जत से ड्राइंग रूम में पधराया जाता है। मैं इस प्यार को कैसे भुला दूं? इतने प्यार के बदले दो चार दिन गाली देते हैं तो देने दो भाई साहब। अभी कल ही की बात है नये साल पर वर्मा जी ने नया सूट सिलवाया था। नया सूट पहनकर वे पिंटू को सेंट जोज़ेफ कान्वेंट छोड़ने गये थे। पिंटू अब वहीं पढ़ेगा। पिछले स्कूल में उसकी अंग्रेजी वीक हो रही थी। वर्मा जी ने पिंटू को बॉय बॉय किया ही था कि बाजू में खड़े शर्मा जी ने हैप्पी न्यू ईयर बोल दिया।वर्मा जी आगबबूला। बोले यह हमारा नववर्ष नहीं है।मुझसे मत कहा करे। अब भाई साहब इंसान उसी से तो लड़ता है जिसे प्यार करता है।जिस पर जान छिड़कता है उसी को झिड़कता है।मैंने बिल्कुल बुरा नहीं माना। मुझे मालूम है,जायेंगे कहां? अभी अगले ही महीने पिंटू का हैप्पी बर्थडे आयेगा। मेरे ही पन्ने पलटेंगे। आजू-बाजू की छुट्टियां देखेंगे। आप पूछकर देख लो वर्मा जी से कि अपना पिंटू कौन से विक्रम संवत में हुआ था? नहीं बता पायेंगे। विक्रम संवत गर्व करने के लिए है और मैं सर्व करने के लिए।




## मेन्टल हेल्थ

# ओवरथिंकिंग भी पहुंचा सकती है अस्पताल, नेगेटिविटी से बचना जरूरी

**ओवरथिंकिंग** एक मेंटल कंडीशन है। जो दिखने में काफी आम लगती है, लेकिन गंभीर साबित हो सकती है। इतनी गंभीर कि आपको एमरजेंसी में जाकर डॉक्टर को दिखाना पड़ सकता है। एक डॉक्टर ने इस समस्या को ट्रिगर करने वाले कारण और राहत पाने के उपाय बताए हैं।

सोचना अच्छी बात है, लेकिन जरूरत से ज्यादा सोचना बुरा है। इसे ओवरथिंकिंग कहते हैं। आपको यह आदत मामूली लग सकती है, लेकिन सेहत के लिए अच्छी नहीं है। आयुर्वेदिक डॉक्टर जुबैर अहमद के अनुसार जब आप किसी चीज, स्थिति या व्यक्ति के बारे में हद से ज्यादा सोचने लगते हैं तो उसे ओवरथिंकिंग कहा जाता है। जो लोग अक्सर भविष्य को कंट्रोल करना चाहते हैं और नेगेटिव स्थितियों के बारे में सोचते रहते हैं, उन्हें ओवरथिंकिंग की समस्या होती है।



**कैसा पड़ता है असर?:** एक रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टर अहमद बताते हैं कि ओवरथिंकिंग चुपके चुपके पैनिक अटैक में बदल सकती है। धीरे धीरे यह आपकी धड़कन को तेज करती है और आपके विचार डर में बदल जाते हैं। इसी तरह पैनिक अटैक आते हैं। जिसके लिए आपको अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है। डॉक्टर का कहना है कि यह समस्या आपके माइंड के साथ शरीर पर भी असर डालती है। यह धीरे धीरे शरीर के कामकाज को प्रभावित करने लगती है। आपका आपके विचार और सोच रुकते नहीं हैं तो दिमाग को गलत चीज का अंदेशा होने लगता है।

**किन चीजों से होती है ट्रिगर?:** आपकी ओवरथिंकिंग कई सारी चीजों से ट्रिगर हो सकती है। डॉक्टर का कहना है कि ढंग से नींद ना लेना, बहुत ज्यादा चाय, कॉफी, एनर्जी ड्रिंक पीना, खाना छोड़ना, पोषण की कमी और लंबे समय से स्ट्रेस या इमोशन इसे ट्रिगर कर सकते हैं। डॉक्टर के अनुसार पर्याप्त नींद लें। कैफीन कम लें, डीप ब्रीदिंग करें। डराने वाले विचारों को दूर रखें, जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की मदद लें। अपना डेली रुटीन फिक्स करें। गर्मागरम और रेगुलर मील लें। ऑयल मसाज से नसों को रिलैक्स करें आदि।

## यूजर्स गाइड

# चार्ज करते समय बंद कर दें स्मार्टफोन, बढ़ जाएगी बैटरी की लाइफ

**कम** ही लोग जानते हैं कि अगर स्मार्टफोन को चार्ज करते समय ऑफ कर दिया जाए, तो इससे आपके स्मार्टफोन को बहुत फायदा हो सकता है। भले आजकल के लेटेस्ट स्मार्टफोन के साथ ऐसा करना कोई जरूरी चीज न हो, लेकिन इस आदत के फायदे इतने हैं कि कई लोग आज भी फोन को ऑफ करके ही चार्ज करते हैं। इससे न सिर्फ चार्जिंग की रफ्तार बढ़ जाती है बल्कि यह प्रैक्टिस आपके फोन की बैटरी के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होती है। चलिए डिटेल में जानते हैं कि क्यों आपको भी फोन को स्विच ऑफ करके ही चार्ज करना चाहिए। अगर आप फोन को स्विच ऑफ करके चार्ज करते हैं, तो उसकी बैटरी लाइफ भी बढ़ जाती है।

**फोन होता है तेजी से चार्ज:** फोन को स्विच ऑन रखकर चार्ज करने के मुकाबले में अगर फोन स्विच ऑफ रखकर चार्ज किया जाए, तो वह तेजी से चार्ज होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अगर फोन स्विच ऑफ रहे, तो वह नेटवर्क कनेक्टिविटी या बैकग्राउंड ऐप्स एक्टिविटी पर साथ-साथ बैटरी नहीं खर्च करता। इससे आपके फोन के चार्ज होने की रफ्तार बढ़ जाती है। भले हमेशा न सही लेकिन जल्दी में होने पर आप फोन को स्विच ऑफ करके चार्च कर सकते हैं।



**बैटरी का देर तक पावर होल्ड:** अगर आप स्मार्टफोन को स्विच ऑफ करके चार्च करने की प्रैक्टिस को फॉलो करें, तो आप पाएंगे कि आपके फोन की बैटरी ज्यादा देर तक पावर होल्ड कर पाती है। ऐसा खासतौर पर शुरुआती 15-20% के लिए ज्यादा महसूस होता है। कहने का मतलब है कि फोन को ऑफ करके चार्च करने से शुरू के 15-20% तक बैटरी धीमे-धीमे ड्रॉप होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फोन चार्जिंग के दौरान न तो नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा होता है और न ही कोई बैकग्राउंड ऐप या सिस्टम प्रोसेस बैटरी खर्च करता है। ऐसे में बैटरी पूरी तरह से चार्ज होती है और पावर को देर तक होल्ड कर पाती है।



# शीतलहर और कोहरे से बढ़ी ठंड
## पेड़ों पर जमी ओंस की बूंदें

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**


रविवार को घने कोहरे और शीतलहर के चलते ठिठुरन बढ़ी है जिससे लोगों को गर्म कपड़े और अलाव का सहारा लेना पड़ा है। वहीं सुबह से घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को अपने वाहनों की लाइटें जलाकर सफर करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी दो पहिया वाहन चालकों को हुई। कोहरे के कारण ओस गिरने से सड़के तक गीली हो गई है जिससे वाहन सड़कों पर फिसलने का डर बना है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में शीतलहर और कोहरे के बढ़ने कि संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 6 जनवरी तक जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में घने से अत्यंत घने कोहरे की संभावना व्यक्त की गई है। कोहरे के कारण दृश्यता में अत्यधिक कमी आ सकती है, सूरज भी बहुत कम निकलेगा और हल्की बारिश की भी संभावना है। जिससे सड़क एवं रेल यातायात प्रभावित होने की आशंका है। शहर में सुबह पेड़ों पर कोहरे की चादर जमी हुई मिली। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें। वाहन चालकों को सलाह दी जाती है कि वे धीमी गति से वाहन चलाएं, फॉग लाइट/हेडलाइट का उचित उपयोग करें तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें।

## न्यूज विंडो

### श्रेष्ठ व समर्थवान बनना है तो अपनी सोच को सकारात्मक बनाना होगा : रुक्मणी



**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय बरेठ रोड सेवा केंद्र द्वारा स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि हमें नव वर्ष में अपनी संकल्प शक्ति को श्रेष्ठ व समर्थवान बनाना है तो अपनी सोच को गुणवान और सकारात्मक बनाना होगा। सहनशीलता, सन्तोष, त्याग, मधुरता, नम्रता, दृढ़ निश्चय आदि गुण अपनाकर एवं अपनी दृष्टि का सकारात्मक परिवर्तन करके भी हम समर्थ संकल्पों का आह्वान कर सकते हैं। उमंग-उत्साह के साथ सदा सहयोगी आत्मा बनकर सहयोग के संकल्प कार्य में लगाओ तो विजयी अवश्य बनेंगे। ध्यान-योग के निरंतर अभ्यास से आत्म-ज्योत जग जाती है और कर्मेन्द्रियों पर मन का नियंत्रण होने लगता है, जिससे मन में उठने वाले सूक्ष्म संकल्पों को भी हम चेक कर सकते हैं और सकारात्मक संकल्पों को कार्य में ला सकते हैं। पुरुषार्थ या योग से हमारे संकल्पों में परिवर्तन आता है। संकल्प से फिर कर्मों में बदलाव आता है और फिर संस्कारों में फेर-बदल होता है। अतः योगी तू आत्मा बनकर अपने संकल्प शक्ति को सही दिशा दें, जिससे इस नए साल में स्वयं के तथा विश्व के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएं।



### इंदौर की पेयजल संबंधी घटना को लेकर नगरपालिका अलर्ट

# सीएमओ ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर कहा- पुरानी पाइपलाइन का सर्वे करें

**लीकेज 24 घंटे में ठीक करने के दिए निर्देश**

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

इंदौर की पेयजल संबंधी घटना को लेकर स्थानीय नगरपालिका भी सक्रिय हो गई है। जहां जहां से गंदे पानी की शिकायत आ रही थी वहां की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही शिकायत के आधार पर नगर के वार्डों में पुरानी पाइप लाइनें भी बदली जा रही है। चेम्बर्स की सफाई कराई जा रही है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए नगरपालिका की टीम सक्रियता से कार्य कर रही है।

जल प्रदाय शाखा प्रभारी उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने रसूलिया में डाली जा रही पाइप लाइन का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। साथ ही जहां पर भी टंकियों से पानी सप्लाई हो रही वहां सुदृढ़ व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री पाराशर ने बताया कि सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा नगर के किसी भी वार्ड से पानी लीकेज और गंदे पानी की शिकायत आती है तो उसका 24 घंटे के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही स्थानीय जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों को पेयजल संबंधी समस्या का निराकरण कर कार्यालय में सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पाइप लाइन बदली**

उपयंत्री पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देश पर ग्वालटोली वार्ड 31 में, प्रताप नगर रसूलिया में पाइप लाइन बदली गई है। साथ ही आर्दश नगर वार्ड 13 में पाइप लाइन बदलने का कार्य प्रगतिरत है।

**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

मुख्य नपा अधिकारी श्रीमती पटले ने स्थानीय जल शाखा प्रदाय के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर 30 वर्ष से अधिक पुरानी पेयजल सप्लाई का सर्वे करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त जल प्रदाय शाखा के समस्त कर्मचारी अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य में कोई जो भी लापरवाही बरतेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## आदिवासियों के नाम पर वाहन फाइनेंस करा महंगे दामों में बेचने वाला गिरोह पकड़ाया

**कार सहित 13 दोपहिया वाहन बरामद**



**शहडोल। दोपहर मेट्रो**

आदिवासियों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुनियोजित तरीके से आदिवासियों के नाम पर बैंक से वाहन फाइनेंस कराकर महंगे दामों में बेच देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, 14 दोपहिया वाहन सहित 18 लाख रुपए का मशरुका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 25 दिसंबर 2024 को एक फरियादी ने सिंहपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि रावेन्द्र गुप्ता व रवि सोनी अपने अन्य साथी अभयराज द्विवेदी, नुमान खान, मोहित बैगा, जयकुमार राव सभी निवासी सिंहपुर के साथ मिलकर गरीब आदिवासी ग्रामीणों को मोटर साइकिल फाइनेंस कराने का झांस देकर उनके नाम से शहडोल व आसपास के एजेंसियों से बाइक फाइनेंस करवाते हैं, इसके बाद वाहन स्वामियों से छलपूर्वक मोटर साइकिल को अपने कब्जे में लेकर महंगे दामों में बेच देते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक विशेष जांच टीम गठित की। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी रविंद्र गुप्ता और अभयराज द्विवेदी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने संगठित तरीके से आदिवासियों के नाम पर बाइक फाइनेंस कराने व महंगे दामों में बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इनके नेटवर्क की जानकारी जुटाते हुए अन्य सहयोगी रवि सोनी एवं मोहित बैगा को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने अरोपियों से पूछताछ के बाद 1 लग्जरी कार सहित 13 मोटर साइकल व स्कूटी बरामद की।

# आवारा कुत्तों का आतंक, एक दिन में 7 बच्चों पर किया हमला

**गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर झुंड में घूम रहे कुत्ते, राह चलते लोगों पर अचानक करते हैं हमला**



**राजगढ़। दोपहर मेट्रो**

जिले के नरसिंहगढ़ में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। नरसिंहगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि आम जनता दहशत में है। आलम ये है कि लोग अब उन गलियों से भी नहीं गुजरना चाहते जहां आवारा कुत्ते या कुत्तों का झुंड दिख जाता है। गली-मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर झुंड में घूम रहे आवारा कुत्ते राह चलते लोगों पर अचानक हमला कर रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

एक ही दिन में नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सात बच्चों को कुत्तों ने काट लिया। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए भर्ती किया गया। कुत्तों के काटने से घायल होने वालों में अजय निवासी झुमका, किरण वार्ड क्रमांक 9, सैय्यद वार्ड क्रमांक 6, नीरज वार्ड क्रमांक 4, राधिका, समीर निवासी धनखेड़ी और समीक्षा निवासी छोटा बैरसिया शामिल हैं। सभी बच्चों को एंटी-रैबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं और प्राथमिक उपचार कर दिया है। बच्चों की आयु 6 से 14 साल के बीच की बताई जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सुबह-शाम घर से निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों, ट्यूशन जाने वाले छात्रों और पैदल चलने वाले लोगों पर कुत्तों के झुंड हमला कर रहे हैं। कई बार दोपहिया वाहन चालकों के पीछे कुत्ते दौड़ने से गिरने और चोटिल होने की घटनाएं भी हो रही हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि शहर में आवारा कुत्तों की नियमित पकड़-धकड़, नसबंदी और टीकाकरण अभियान चलाया जाए ताकि उनकी बढ़ती संख्या पर नियंत्रण हो और नागरिकों को इस भय से राहत मिल सके।

# नर्मदा नदी के बाबरी घाट पर नहाते समय डूबे दो सगे भाईयों की मौत, पसरा मातम

**सीहोर। दोपहर मेट्रो**

जिले से गुजरने वाली नर्मदा नदी के बाबरी घाट पर हुए हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों युवक अपने बड़े पापा के साथ हरदा जिले के करताना जा रहे थे और नाव का इंतजार कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, मृतक शुभम और विकास बाबरी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने बड़े पापा भीम से यदुवंशी के साथ हरदा लौट रहे थे। बाबरी घाट पर नाव आने में देर होने लगी, इसी दौरान शुभम नहाने के लिए नदी में उतर गया और अचानक गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक शुभम के बाहर न आने पर बड़ा भाई विकास उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण दोनों पानी में डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने जब तक दोनों को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।



बताया जा रहा है कि दोनों बच्चो के पिता बनापुरा में मजदूरी का काम करते हैं। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक का माहौल है।

प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और शवों को सिविल अस्पताल भैरूंदा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों का कहना है कि रेत निकालने के कारण कई जगह नदी के अंदर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे अचानक गहराई होने के कारण इस तरह के हादसे होते हैं। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि, मृतक विकास पिता आत्माराम यादव उम्र करीब 16 साल निवासी ग्राम महगांव जदीद थाना रेहटी और शिवम् पिता आत्माराम यादव उम्र करीब 15 साल निवासी ग्राम महगांव जदीद थाना रेहटी है। दोनों मृतकों का आज रविवार को भेरूंदा के अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिए गए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### ग्राम नीमसाडिया और भीलाखेड़ी पहुंचे जीतू पटवारी की गांव-गांव यात्रा

# कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने किया कमेटियों का गठन

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नर्मदापुरम जिले के ग्राम नीमसाडिया और भीलाखेड़ी का दौरा किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी के विचारों को घर-घर पहुंचाने के लिए निचले स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। 5 जनवरी से 20 फरवरी तक मंडल, ग्राम पंचायत और वार्ड कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इस सिलसिले में पटवारी विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया इससे पहले वह विदिशा और भोपाल में थे, आज नर्मदापुरम आए हैं। भाजपा द्वारा देश में फैलाई जा रही नफरत और घृणा के नैरेटिव से लड़ने के लिए कांग्रेस के संगठन और विचारधारा दोनों को मजबूत करना जरूरी है। निचले स्तर पर



कार्यकर्ताओं को संगठित कर बूथ स्तर पर काम कराना, वोटर लिस्ट पर ध्यान देना और लगातार पांच साल मेहनत करना मुख्य लक्ष्य है। इससे पार्टी का विचार हर घर तक पहुंचेगा।

मंच से संबोधित करते हुए पटवारी ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करने और चुनावों में पार्टी के विचारों को घर-घर पहुंचाने का तरीका बताया। भीलाखेड़ी में इंदौर घटना का जिक्र करते हुए पटवारी ने कहा कि सज्जन वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी पीड़ित परिवार से मिलने गई थी, लेकिन बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय के गुंडों ने उन्हें रोका। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि कल यानी रविवार को पूरे प्रदेश में बीजेपी के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के घरों का घेराव करें।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल, ओम पटेल, जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डू पांडे, मोहन झलिया, मधुसूदन यादव, चंद्रगोपाल मलैया, जितेंद्र सोलंकी, विजय बाबू चौधरी, रवि जायसवाल, नवल पटेल, केलू उपाध्याय, गज्जू तिवारी, मयूर जायसवाल, राकेश चंदेल, अनिल रैकवार, अमोल, चंद्रकांत बहारे सहित मंडल और नगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री पटवारी का ग्राम निटाया, ब्यावरा, उंदाराखेड़ी, बम्मनगांव, बीसारोडा, घुघबासा व इटारसी में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम के बाद पटवारी खेतों पर पहुंचे और वहां किसानों से उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

# आधार अटका तो पेंशन भटकी, चार माह से 5 हजार बुजुर्गों की पेंशन बंद

**भिंड। दोपहर मेट्रो**

कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा अब गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवा हितग्राही भुगत रहे हैं। जिले भर में पांच हजार से अधिक दिव्यांग, वृद्धावस्था, विधवा और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पेंशन चार माह से बंद है। इसकी वजह ई-केवायसी का पूरा न होना है। क्योंकि इनमें से अधिकांश के ड्क्षफगर या रेटिना नहीं मिल रहे, जिस वजह लोग स्वयं ई-केवायसी नहीं करा पा रहे हैं। इसकी जिम्मेदारी नगरीय क्षेत्रों में नगर परिषद व नगर पालिका कर्मचारियों और पंचायत स्तर पर सचिवों को सौपी गई है। ऐसे में कर्मचारियों ने एसआईआर का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ दिया है।

ग्रामीण इलाकों के हितग्राहियों की अगस्त माह से पेंशन बंद हैं। पेंशनधारी बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। जानकारी के अभाव में अधिकांश लोग बैंक पहुंच जाते हैं, लेकिन वहां उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि पहले आधार कार्ड की ई-केवाइसी करवाएं। शहर के पुरानी गल्लामंडी की एसबीआई में महिलाएं पेंशन लेने के लिए पहुंचीं, तो उनकी केवाइसी अधूरी मिली। इसके बाद उन्होंने नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र पर आधार की केवाइसी निकालकर बैंक में खाते से आधार कार्ड की केवाइसी करवाई, जिसके बाद पात्र महिलाओं की पेंशन जारी की गई।शहर में 928 की पेंशन रुकी शहरी क्षेत्र में 928 लोगों की पेंशन रुकी है। इनमें अधिकांश लोग उम्र दराज हैं, जिनके फिंगर, रेटिना आधार कार्ड से मैच नहीं कर रहे हैं।

## न्यूज विंडो

### परसोरिया में संभाग स्तरीय टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**सागर।** नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने परसोरिया में संभाग स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। ब्रदर्स क्लब परसोरिया द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में संभागभर से 23 टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के युवाओं के लिए अच्छा अवसर है, जहां वे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। खेलों का जीवन में महत्व बहुत बड़ा है। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं और हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल सिखाते हैं। इससे जीवन में अनुशासन और लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विधायक लारिया खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका प्रोत्साहन किया। इस अवसर पर संजय लोधी,जाविद खान, राज विश्वकर्मा, सुदामा लोधी,गोरी विश्वकर्मा,कामता पटैल, कमलेश पटैल सहित खेल प्रेमी, क्षेत्रवासी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत एनएसयूआई का पौधारोपण



**गंजबासौदा।** संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिसकी शुरुआत विदिशा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में की गई थी। इस अभियान की शुरुआत पूरे मध्यप्रदेश में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा की गई है जो 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक चलेगा। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने बताया की भाजपा की सरकार द्वारा लगातार वृक्ष काटे जा रहे हैं। जंगलों को लगातार काटा जा रहा है और कॉर्पोरेट हितों को प्रात्मिकता दी जा रही है और लगातार हो रहे पर्यावरण विनाश के कारण आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में है। ऐसे हालात में जेन-जी जेनरेशन को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हस्तक्षेप करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। भाजपा सरकार पर्यावरण को ख़त्म करने में लगी हुई है इसलिए एनएसयूआई ने यह अभियान चालू किया है जिससे पूरे देश को पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया जा सके एवं मोदी सरकार को संदेश दिया जाए कि एक वोट पर्यावरण के नाम हो। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रिंसिपल नरेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर मनीष दुबे, प्रोफेसर बीके प्रजापति, नगर अध्यक्ष यश बालोटिया, कॉलेज अध्यक्ष साक्षी दांगी, नरेंद्र, अभय, खुशी, सेजल, अनिकेत आदि छात्र मौजूद थे।

### गंदे पानी की सप्लाई के मद्देनजर सागर नगर निगम अलर्ट

# इंदौर की घटना को लेकर निगमायुक्त और अध्यक्ष ने टंकी में उतरकर किया श्रमदान

**सागर। दोपहर मेट्रो**

इंदौर के गंदे पानी की सप्लाई को लेकर सागर नगर निगम अलर्ट मोड पर है। शहर की सभी पानी की टंकियों की अभियान के तहत सफाई की गई। अभियान में करीब सौ सफाई कर्मी शामिल हुए। सफाई कार्य में स्वयं निगमायुक्त राजकुमार खत्री और निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने टंकी में उतरकर श्रमदान किया। इस दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया। बहरहाल टंकियों की सफाई के मामले में नगरवासियों का कहना था कि यह कार्य हर 6 माह में होना चाहिए,किसी घटना के बाद जागने का मतलब समझ नहीं आता।

शहरवासियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शहर की सभी प्रमुख पानी टंकियों की विशेष सफाई कराई गई। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार जलप्रदाय शाखा द्वारा राजघाट से भरने वाली पानी टंकियों की व्यापक सफाई कराई गई, जिससे शहर के समस्त वार्डों में होने वाली जलापूर्ति पूरी तरह स्वच्छ रह सके। पानी की टंकियों की सफाई कार्य का विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ रविदास वार्ड स्थित करीला पानी टंकी का निरीक्षण किया. इस दौरान निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त ने स्वयं टंकी में उतरकर टंकी की सफाई कर श्रमदान किया। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि निगम शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पानी की टंकियों में समय-समय पर सफाई कराना अनिवार्य है ताकि गंदगी, कीचड़ एवं अन्य अवांछित तत्वों के कारण पेयजल दूषित न हो। उन्होंने टाटा, एमपीयूडीसी, सीवर प्रोजेक्ट एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज या गंदे पानी की शिकायतें प्राप्त हों, वहां तत्काल मरम्मत की जाए और पानी की गुणवत्ता की जांच के पश्चात ही सप्लाई प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि जलप्रदाय व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी वार्डों में टंकी की सफाई के साथ-साथ वाल्व चैंबर, फिल्टर यूनिट एवं पंप हाउस की भी जांच कराई गई है। इसके अतिरिक्त जलप्रदाय शाखा द्वारा पानी की गुणवत्ता की नियमित सैंपलिंग की जा रही है। टंकियों की सफाई कार्य के दौरान जलप्रदाय शाखा के अधिकारी, कर्मचारी एवं वार्ड स्तर पर नियुक्त कर्मचारी उपस्थित थे।



### लीकेज की शिकायत तो तुरंत ठीक कराएं

निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने नगर निगम, टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारियों से कहा कि किसी भी पाईप लाईन में लीकेज न हो अगर कभी भी लीकेज की शिकायत मिले तो अविलंब उसे ठीक कराएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वृंदावन अहिरवार ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और नगर निगम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं पाइपलाइन लीकेज, गंदा पानी अथवा अन्य समस्या दिखाई दे तो तुरंत नगर निगम को सूचना दें।

## जनसुनवाई पर रोक की मांग, ग्रामीणों का विरोध तेज

**अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

प्रस्तावित टोरंटो पावर परियोजना को लेकर प्रभावित गांवों में असंतोष लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में मांग की है कि जब तक टोरंटो कंपनी द्वारा प्रभावित परिवारों को पुनर्वास का वास्तविक और लिखित लाभ नहीं दिया जाता, तब तक पर्यावरणीय जनसुनवाई की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना से उनकी कृषि भूमि, आजीविका और सामाजिक संरचना पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अब तक कंपनी ने पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाले लाभों को न तो जमीन पर लागू किया है और न ही किसी प्रकार का ठोस लिखित आश्वासन दिया है। ऐसे में बिना पुनर्वास सुनिश्चित किए जनसुनवाई कराना कानून और न्याय की भावना के विपरीत है। गांव वालों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी कई परियोजनाओं में जनसुनवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई, जहां प्रभावितों की आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुनर्वास, मुआवजा, रोजगार और अन्य सामाजिक सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं पर पहले स्पष्टता नहीं लाई गई, तो जनसुनवाई का कोई औचित्य नहीं रह जाता। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि पर्यावरण प्रभाव आकलन से जुड़े सभी दस्तावेज स्थानीय भाषा में सार्वजनिक किए जाएं और पुनर्वास पैकेज को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाया जाए। उनका यह भी कहना है कि जब तक पुनर्वास का लाभ वास्तविक रूप से नहीं दिया जाता, तब तक जनसुनवाई स्थगित रखी जाए। इस मुद्दे पर प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और तेज करेंगे।

## धरने पर बैठे भाजपा विधायक को भीड़ ने खदेड़ा, लगे मुर्दाबाद के नारे

**रीवा। दोपहर मेट्रो**

जिले से अलग हुए मऊगंज जिले में सत्ता के रसूख पर जनता का आक्रोश भारी पड़ने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। दरअसल, जिले में स्थित एक विवादित जमीन का मामला सुलझाने के लिए भाजपा विधायक प्रदीप पटेल धरने पर बैठ गए थे। लेकिन, ऐसा करने पर उन्हें दूसरे पक्ष के लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि, ग्रामीणों ने विधायक को घेरकर मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरु कर दिए। यही नहीं उन्हें मौके से खदेड़ तक दिया। आखिर क्यों विधायक को अपनी ही विधानसभा में लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा, आइये जानते हैं कारण। ये हैरान कर देने वाला मामला मऊगंज बायपास पर देर रात देखने को मिला। कड़कड़ाती ठंड में प्लास्टिक की पन्नी के नीचे धरने पर बैठे भाजपा विधायक प्रदीप पटेल को शायद इस बात का अंदाजा नहीं था कि, उन्हें कुछ ही देर में यहां ग्रामीणों की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता विनोद मिश्रा के पक्ष में खड़े विधायक ने जैसे ही दूसरे पक्ष के लल्लू पाण्डेय को पुलिस के जरिए थाने भिजवाया, ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया।

## रेलिंग तोड़कर कार से टकराया ट्राला, दबने से दो की मौत

**धार/धामनोद। दोपहर मेट्रो**

आगरा-मुंबई फोरलेन पर गणपति घाट की नई सड़क पर एक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घाट उतरते समय एक ट्राला होकर आगे चल रही कार को टक्कर मारते हुए ब्रिज की पुलिया से नीचे लटक गया। ट्राले के ऊपर रखी क्रेन नीचे जा गिरी। जिसमें दबने से ट्रक में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया।

जानकारी अनुसार ट्राला क्रं. एएचआर 55 एएल 5335 में इंदौर की तरफ से घाट नीचे उतर रहा था। ट्रॉले में तीन लोग बैठे थे, जो आगर-मालवा से वाहन के ऊपर क्रेन रखकर पुनासा खंडवा की ओर जा रहे थे। घाट उतरते



समय अचानक ट्रॉले के ब्रेक फेल हो गया और वह आगे चल रही कार को अक्कर मारते हुए रेलिंग तोड़ ब्रिज की पुलिया पर लटक गया। जबकि ट्रॉले पर रखी कई टन वजनी क्रेन पुलिया ने नीचे गिर गई। टायर के नीचे दबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दमतोड़ दिया। दोनों ही मृतक यूपी के रहने वाले हैं। जिनकी शाम तक पहचान नहीं हो सकी। एक अन्य व्यक्ति संतोष पिता राम शंकर दुबे बिरसापुरा मिर्जापुर घायल हुआ है। जिस कार को ट्राले ने टक्कर मारी, वह नीचे गिरने से उसमें बैठे लोग बाल-बाल बच गए। कार में सवार एक बुजुर्ग को चोट आई। मौके पर ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। जिस पर काकड़दा और धामनोद पुलिस ने पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। इस दौरान यहां लोगों भारी भीड़ लग गई। हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। जिनकी पहचान नहीं हो सकी। जानकारी जुटा रहे हैं। एक युवक घायल हुआ है। जिसका उपचार धामनोद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया जा रहा है।

## अन्नदाताओं का किया सम्मान: मिलन समारोह में किसानों को मिले इनाम, मेगा ड्रॉ में जीती बाइक

**औबेदुल्लागंज। दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र के अन्नदाताओं की मेहनत और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए एक भव्य किसान मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम उन किसानों को समर्पित था, जिनके माध्यम से सागर न्यूट्रीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा धान की खरीदी की जाती है।

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य किसानों और कंपनी के बीच केवल व्यापारिक संबंध न रखकर एक पारिवारिक रिश्ता स्थापित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अधिक उत्पादन और फसल की बेहतर गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए तकनीकी रूप से प्रोत्साहित किया गया। इसका सीधा लक्ष्य यह है कि व्यापार के विकास के साथ-साथ किसानों का भी आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सके।




समारोह के दौरान किसानों के उत्साह को दोगुना करने के लिए एक मेगा लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। इसमें पूरी तरह से किसानों को ही केंद्र में रखते हुए इनाम बांटे गए। एक किसान को चमचमाती बाइक देकर सम्मानित किया गया। अन्य बड़े पुरस्कार- किसानों को 1 रेफ्रिजरेटर, 2 एलईडी टीवी और 2 वॉशिंग मशीन जैसे उपयोगी उपहार मिले। प्रोत्साहन खेती और गृहस्थी में सहायक 15 मिक्सर ग्राइंडर भी ड्रा के माध्यम से किसानों को भेंट किए गए। परस्पर सहयोग से विकास की ओर इस मिलन समारोह ने किसानों और सागर न्यूट्रीमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच विश्वास के बंधन को और मजबूत किया है। कंपनी द्वारा क्षेत्र के किसानों को उत्पादन बढ़ाने में निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। यह कार्यक्रम कृषि और व्यापार जगत के बीच परस्पर समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण रहा, जिससे भविष्य में क्षेत्र की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

### निगम अधिकारी-कर्मचारियों ने मांगों को लेकर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को सौंपा ज्ञापन

## गुरुद्वारे में नगरीय एवं आवास विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को सदबुद्धि प्रदान करने प्रार्थना की

**सागर। दोपहर मेट्रो**

नगर निगम कर्मचारियों की वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के छठवें दिन अजाक्स के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल चौधरी के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भगवानगंज स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपा और गुरुद्वारा पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुद्धि प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, सईद उद्दीन कुरैशी, आनंद मंगल गुरु



एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने संयुक्त रूप से कहा कि आंदोलन के तहत सभी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियां की जा रही हैं । कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में लंबित वेतन देने सहित अन्य कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करना, एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा करना, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, कर्मचारियों का शीघ्र रिक्त पदों पर नियमितीकरण की कार्रवाई करने तथा लंबित एरियर्स का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की जमा राशि का भुगतान शामिल है। कर्मचारी संघ ने कहा है कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। 4 जनवरी को सुबह 11 बजे अधिकारी एवं कर्मचारी तहसीली स्थित ज्योति भवन चर्च जायेंगे। इस अवसर पर अवाक्स के पूर्व अध्यक्ष हीरा लाल चौधरी,शईदउद्दीन कुरैशी, बृजेश तिवारी, देवकुमार चौबे, कुलदीप बाल्मीकि, धर्मेन्द्र बन्टू बोहरे, राजेन्द्र सनकत, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, श्री संयम चतुर्वेदी, जावेद खान, रविशंकर श्रीवास्तव, बर्षा समद,अभिलाषा नामदेव, जयंती नामदेव, संध्या तिवारी, लक्ष्मी कोरी, अनिल दुबे, राजेश नापित, प्रकाश ताम्रकार, प्रकाश मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में नगर निगम की सभी शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित थे।

## लाल पहाड़ी पर भूमाफिया की नजर निजी हुई जमीन की अब होगी जांच

**कटनी। दोपहर मेट्रो**

शहर के बीचोबीच बेशकीमती अरबों की संपत्ति लाल पहाड़ी पर भूमाफिया की नजर है। यहां खुलेआम चल रहे अतिक्रमण के बीच प्रशासन अलर्ट हो गया है। कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी ने लाल पहाड़ी का सीमांकन करने जांच दल गठित कर दिया है। जांच दल में चार अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो सात दिन में लाल पहाड़ी का सीमांकन कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

जानकारी के अनुसार मिसल रिकॉर्ड 1906-07 में ग्राम बरगवां खसरा नंबर 209 रकबा 69.55 एकड़ सरकारी पहाड़ दर्ज है। यानी यह पूरी जमीन सरकारी है। समय बीतने के साथ ही शहर के बीच में होने के कारण इस सरकारी जमीन पर कब्जा के प्रयास होते हैं। कूटरचित दस्तावेज भी तैयार हुए हैं। वर्तमान में खसरा नंबर 209 में कुछ बटांकन दर्ज है। इसी में से एक है 209/5 रकबा 0.2630 हेक्टेयर (28 हजार 300 वर्गफीट जमीन ) जोकि कुछ निजी लोगों के नाम पर दर्ज है। खासबात यह है कि सरकारी पहाड़ी का कुछ हिस्सा प्राइवेट लोगों के नाम पर कैसे और कब गया इसका स्पष्ट उल्लेख राजस्व रिकॉर्ड में नहीं है। एक बार फिर पहाड़ी से सटकर अतिक्रमण का दौर शुरू हो गया है, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। जानकारी के अनुसार लाल पहाड़ी का प्रशासन द्वारा सीमांकन कराया जाएगा। एसडीएम ने इस कार्य के लिए जांच दल में प्र. नायब तहसीलदार हर्ष रामटेके, राजस्व निरीक्षक सीएस कोरी, पटवारी धर्मेन्द्र ताम्रकार व संदीप गर्ग को शामिल किया गया है। जांच दल सीमांकन की कार्रवाई करेगा और अवैध निर्माण को चिन्हित करेगा।

**मेट्रो एंकर**

### अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन

## मेहनत, ईमानदारी और चरित्र ही खिलाड़ी की पहचान बनाते हैं: बघेल

**धनपुरी। दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद धनपुरी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी खेल प्रेमियों को नई सौगात देते हुए अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन किया जा रहा है। नववर्ष के पहले दिन 1 जनवरी 2026 से सुभाष स्टेडियम क्रमांक-3 में प्रारंभ हुआ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट लगातार 11 दिनों तक चलेगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन दो रोमांचक मुकाबले कराए जा रहे हैं।

पहला मुकाबला कश्मीर और चरचा क्लब (छत्तीसगढ़) के बीच खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व खिलाड़ियों का अतिथियों से परिचय कराया गया। इसी दौरान खेल मैदान उस समय प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो उठा, जब इंटक महामंत्री अजय सिंह बघेल (बुढ़ार), संभागीय क्रीड़ाअधिकारी श्री रईस खान( संस्थापक मिनी ब्रजील विचारपुर )एवं रिलायंस फाउंडेशन के सदस्य श्री विनीत सिंह ने मैदान में उतरकर खिलाड़ियों से आत्मीय संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अजय सिंह बघेल ने अपने



प्रभावशाली और प्रेरक संबोधन में खिलाड़ियों को संस्कार, अनुशासन और खेल भावना के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत क्षणिक होती है, लेकिन मेहनत, ईमानदारी और चरित्र ही खिलाड़ी की स्थायी पहचान बनाते हैं। श्री बघेल ने यह भी कहा कि किसी भी टीम की असली पहचान उसके खिलाड़ियों के संस्कार और मैदान पर प्रदर्शित खेल भावना से बनती है। आप जहां से आते हैं, उस स्थान की छवि आप अपने व्यवहार से गढ़ते हैं।

अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे खेल को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि प्रेरणा, अनुशासन और संस्कारों का माध्यम बनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे सीख लेकर आगे बढ़ें। धनपुरी गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 न केवल खेल का उत्सव है, बल्कि यह जोश, जुनून और जज़्बे के साथ संस्कारों का संदेश देने वाला ऐतिहासिक आयोजन बनकर उभर रहा है। आयोजन में नपाध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा, उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद खंडेलवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, सभापति आनंद कचेर, नेता प्रतिपक्ष शोभाराम पटेल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनीता जायसवाल, कमलेश शर्मा अध्यक्ष इंटक, अमरजीत सिंह इंटक, जयदीप पाल, मोहम्मद आज़ाद, पंडित अजय द्विवेदी, मोहम्मद कलाम, श्री बाबू लाल त्रिपाठी, अरविन्द सिंह,व इंटक सोहागपुर छेत्र क् कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी-कर्मचारी पूरे समय मैदान में उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बना रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि शहडोल संभाग में इस स्तर का फुटबॉल आयोजन अब तक कहीं देखने को नहीं मिला, जिसके चलते धनपुरी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

## न्यूज विंडो

### बेटियों पर अभद्र टिप्पणी, कैबिनेट मंत्री के पति के पर मामला दर्ज

**मुजफ्फरपुर।** बिहार की लड़कियों को लेकर विवादित बयान देने के बाद उत्तराखंड की बीजेपी कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू के खिलाफ मुजफ्फरपुर कोर्ट में मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि गिरधारी लाल साहू कथित तौर पर यह कहते हुए दिखाई दिए कि 'बिहार की लड़कियां मात्र 20,000 से 25,000 रुपये में शादी के लिए उपलब्ध हैं।' इस बयान के बाद बिहार में लोगों में आक्रोश फैल गया और मामले की शिकायत कोर्ट में की गई। इससे पहले, बिहार राज्य महिला आयोग ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए उन्हें नोटिस भी जारी किया था। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि गिरधारी लाल साहू युवाओं से बात करते हुए कह रहे हैं कि 'क्या आप बुढ़ापे में शादी करेंगे? अगर आप शादी करने में असमर्थ हैं, तो हम आपके लिए बिहार से एक लड़की लाएंगे, और आप वहां 20,000 से 25,000 रुपये में लड़की पा सकते हैं। ' इस मामले में परिवादी सह अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि गिरधारी लाल साहू का यह बयान बिहार की लड़कियों और महिलाओं के अपमान के समान है। उनके इस बयान से बिहार की मर्यादा धूमिल हुई है और महिलाओं का सम्मान ठेस पहुंची है। मुजफ्फरपुर कोर्ट ने मामले को स्वीकार करते हुए 12 जनवरी को सुनवाई के लिए तय किया है।

### वायू प्रदूषण... बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंची दिल्ली




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का संकट एक बार फिर गहराता जा रहा है। हवा की दिशा बदलने और गति में थोड़ी वृद्धि के बावजूद दिल्लीवासियों को प्रदूषण से अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, सुबह राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 297 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी की दहलीज पर है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों में एक्यूआई में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया है। हालांकि, हवा की गति में परिवर्तन से कुछ इलाकों में प्रदूषण के स्तर में मामूली कमी आई, लेकिन समग्र रूप से हवा की गुणवत्ता अभी भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार चला गया है, जिससे हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गई है और सांस लेना दूभर हो गया है। दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 309, आनंद विहार में एक्यूआई 350, अशोक विहार में 332, आया नगर में 228, बवाना में 276, बुराड़ी में 268, चांदनी चौक इलाके में 356 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

### बुजुर्ग दंपति की हत्या; अलग-अलग कमरे में मिले शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में एक सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड ने इलाके में दहशत फैला दी है। राम नगर एक्सटेंशन में स्थित एक मकान के तीसरे मंजिल पर 75 वर्षीय विरेंद्र कुमार बंसल (रिटायर्ड टीचर) और उनकी 65 वर्षीय पत्नी परवेश बंसल (गृहिणी) के शव अलग-अलग कमरों में पड़े मिले। पुलिस को यह जानकारी आधी रात करीब 12:30 बजे पीसीआर कॉल से मिली। कॉल करने वाले दंपति के बेटे वैभव बंसल ने बताया कि उनके माता-पिता बेहोश पड़े हैं और शायद मर चुके हैं। सूचना मिलते ही एमएस पार्क थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वैभव ने पुलिस को बताया कि किसी ने उनके माता-पिता की हत्या कर दी है। निरीक्षण में विरेंद्र कुमार बंसल के चेहरे पर चोट के निशान मिले। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया है। क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फोटोग्राफी की। पुलिस प्रारंभिक जांच में लूटपाट के इरादे से हत्या की आशंका से इनकार नहीं कर रही है, हालांकि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। फिलहाल आगे की जांच जारी है। यह घटना इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रही है।



**बेल्जियम: बॉटनिकल गार्डन रोशन, विंटर लाइट फेस्टिवल बना आकर्षण**

*ब्रसेल्स। बेल्जियम के मीसे शहर में स्थित मीसे बॉटनिकल गार्डन इन दिनों रोशनी और रंगों से जगमगा रहा है। यहां विंटर फ्लोरिडिल लाइट फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। पेड़-पौधों, खुले मैदानों और ऐतिहासिक इमारतों को रोशनी से सजाया गया है, जिससे रात के समय बॉटनिकल गार्डन का रूप पूरी तरह बदल जाता है। मीसे बॉटनिकल गार्डन यूरोप के सबसे बड़े बॉटनिकल गार्डनों में शामिल है, जहां 18 हजार से ज्यादा पौधों की प्रजातियां मौजूद हैं। यह फेस्टिवल स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी खास आकर्षण बन गया है।*

### सुधांशु त्रिवेदी और गौरव वल्लभ ने साधा कांग्रेस नेता पर निशाना

# राहुल गांधी को उनके सीएम ही नहीं पूछते तो उन्हें विदेश कौन बुलाता है!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने राहुल गांधी को भारत के इतिहास में सबसे अधिक विदेश यात्रा करने वाला विपक्ष नेता बताकर उनका मजाक उड़ाया और कांग्रेस से पूछा कि उन्हें इतनी बार विदेश यात्रा का निमंत्रण कौन देता है, जबकि उनकी राज्य सरकारें भी अपने कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति की मांग शायद ही करती हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल अब वियतनाम की यात्रा कर रहे हैं और उन्होंने उनकी विदेश यात्राओं को भारत-विरोधी ताकतों से जुड़ने और सरकार की आलोचना करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उनके बयानों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिए कुख्यात हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मलेशिया, कोलंबिया और जर्मनी की हालिया यात्राओं के बाद अब वे वियतनाम जा रहे हैं।

**राहुल गांधी को भारत विरोधी हस्तियों द्वारा आमंत्रित किया जाता है:** त्रिवेदी ने दावा किया कि राहुल को उनकी पिछली विदेश यात्राओं की तरह ही कुछ भारत-विरोधी हस्तियों द्वारा आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री या कॉलेज और विश्वविद्यालय भी लोकसभा नेता को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं करते हैं।



#### अमेरिकी नेताओं के साथ पुरानी तस्वीरें भी की साझा

तो फिर वे कौन लोग हैं जो उन्हें बार-बार विभिन्न देशों की यात्रा करने और भारत की आलोचना करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की अमेरिकी राजनेताओं के साथ हुई मुलाकातों की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं।

#### जांच की मांग तेज

वहीं भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने भी राहुल गांधी के विदेशी दौरों की जांच की मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी विदेश जाते हैं, तब भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने वाली चिट्ठियां और बयान सामने आते हैं। वल्लभ ने कहा कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि राहुल गांधी किन लोगों से मिलते हैं और वे क्या बातें करते हैं, जिससे विदेशी नेता भारत के मामलों में टिप्पणी करने लगते हैं।

### वेनेजुएला का जिक्र कर ओवैसी की पीएम को चुनौती

## '56 इंच का सीना है तो आतंकी मास्टरमाइंड्स को लाएं'

**मुंबई, एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को कथित तौर पर पकड़ने की कार्रवाई का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा सवाल उठाया। ओवैसी ने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी सेना भेजकर किसी दूसरे देश के राष्ट्रपति को पकड़ सकते हैं, तो भारत सरकार 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड्स को पाकिस्तान से क्यों नहीं ला सकती।



#### देश कर रहा इंसाफ का इंतजार

ओवैसी ने कहा 'मोदीजी, अगर 56 इंच का सीना है, तो मसूद अजहर जैसे 26/11 के गुनहगारों को पाकिस्तान से उठाकर भारत क्यों नहीं लाते?' उन्होंने लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों का जिक्र करते हुए कहा कि देश आज भी उन आतंकियों के खिलाफ इंसाफ का इंतजार कर रहा है, जिन्होंने मुंबई में सैकड़ों बेगुनाहों की जान ली थी। मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा आज हमने देखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सेनाओं ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर अमेरिका ले गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम लेते हुए सवाल किया कि जब अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देश अपनी सैन्य ताकत का इस्तेमाल कर सकते हैं, तो भारत ऐसा कदम क्यों नहीं उठा सकता।

## संभल में रात में ही गायब हो गई मदीना मस्जिद, ग्रामीणों ने चलाया बुलडोजर

**संभल, एजेंसी।** यूपी के संभल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ग्रामीणों ने रात में ही मदीना मस्जिद को जमींदोज कर दिया और जेसीबी से मलबा भी साफ करवा दिया। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों के आने से पहले ही इस काम को अंजाम दिया। ये मस्जिद सरकारी जमीन पर बनी थी।



**सुबह तक जेसीबी से मलबा भी साफ**

#### क्या है पूरा मामला?

संभल के सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर गांव में करीब 439 वर्ग मीटर जमीन है। चकबंदी प्रक्रिया के तहत साल 2000 में गांव के गरीब परिवारों को आवास आवंटन के लिए इस जमीन को सुरक्षित किया गया था लेकिन साल 2005 के लगभग इस जमीन पर कब्जा करके अवैध मस्जिद का निर्माण कर दिया गया। लेखपाल की रिपोर्ट 14 जून 2025 के आधार पर राजस्व संहिता की धारा 67 के अंतर्गत मुतवल्ली हाजी शमीम को सुनकर कार्यवाही की गई। 2 सितंबर 2025 को बेदखली का आदेश पारित किया गया और 8 लाख 78 हज़ार का जुर्माना भी किया गया। ऊवैस आलम के द्वारा इस कब्जे को स्वीकार करते हुए अन्य भूमि से विनिमय करने का प्रार्थना पत्र दिया गया क्योंकि धार्मिक कब्जे के आधार पर विनिमय किया जाना विधिक नहीं, इसलिए विनिमय का प्रार्थना पत्र 18 दिसंबर को निरस्त कर दिया गया और खुद ही इस मस्जिद को तोड़ने के लिए कहा गया।

### एआई टूल ग्रोक से जुड़े विवाद पर बोले एलन मस्क

## अवैध कंटेंट बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने साफ कहा है कि जो लोग एक्स के एआई टूल ग्रोक का इस्तेमाल करके अवैध, अश्लील या गैरकानूनी कंटेंट बनाएंगे, उनके खिलाफ वही कार्रवाई होगी, जो ऐसा कंटेंट अपलोड करने वालों पर होती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स को निर्देश दिया है कि वह ग्रोक से बने सभी अश्लील, आपत्तिजनक और गैरकानूनी कंटेंट को तुरंत हटाए। ऐसा न करने पर कानून के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**ग्रोक को दोष देना ठीक नहीं- मस्क:** एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि ग्रोक को दोष देना ठीक नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कोई पेन अपने आप गलत बात नहीं लिखता, वैसे ही ग्रोक भी अपने आप गलत कंटेंट नहीं बनाता। यह पूरी तरह यूजर पर निर्भर करता है कि वह क्या इनपुट देता है। इसलिए जिम्मेदारी यूजर की ही होगी।

#### राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की थी शिकायत




मंत्रालय ने एक्स को 72 घंटे के भीतर यह बताने को कहा है कि उसने अब तक क्या कार्रवाई की है। मंत्रालय का कहना है कि उसे कई बार शिकायतें मिली हैं कि एक्स पर कुछ कंटेंट कानून के मुताबिक शालीनता और मर्यादा के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। यह मामला तब और गंभीर हुआ, जब राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर महिलाओं की फर्जी और अश्लील तस्वीरें बनाने के लिए ग्रोक के दुरुपयोग पर चिंता जताई। सरकार का कहना है कि ग्रोक का गलत इस्तेमाल कर कुछ लोग महिलाओं की छवि खराब करने वाले वीडियो और तस्वीरें बना रहे हैं, जो कानूनन अपराध है।

**मेट्रो एंकर**

### अमिताभ के नाती ने फिल्म 'इक्कीस' से हाल ही में किया है बॉलीवुड में डेब्यू

# 5 हजार करोड़ के साम्राज्य के वारिस हैं अगस्त्य नंदा

**मुंबई, एजेंसी**

बच्चन परिवार के नाती अगस्त्य नंदा फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुके हैं। अगस्त्य ने कथित तौर पर अरुण खेतपाल का किरदार निभाने के लिए 70 लाख रुपये लिए हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनके परिवार में बाकी लोगों की कमाई कितना मोटी है! उनके पिता से लेकर नाना-नानी और मामा कितने रईस हैं, बताते हैं।

बच्चन परिवार के नए चेहरे अगस्त्य नंदा देखते ही देखते बॉलीवुड के सबसे फेमस उभरते सितारों में से एक बन गए हैं। श्रीराम राघवन की निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' न केवल बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, बल्कि ये दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म भी है। जोया अख्तर की फिल्म 'आर्चीज' में पहले नजर आ चुके अगस्त्य ने 'इक्कीस' में अरुण खेतपाल का किरदार निभाने के लिए कथित तौर पर 70 लाख रुपये लिए हैं।



लेकिन अपने एक्टिंग करियर के अलावा, अगस्त्य नंदा भारत के सबसे बड़े परिवारों में से एक से नाता रखते हैं, जिनका साम्राज्य लगभग 5000 करोड़ रुपये तक फैला हुआ है। वो बॉलीवुड के दो सबसे बड़े राजवंशों, बच्चन और कपूर खानदान से जुड़े हुए हैं। श्वेता बच्चन नंदा और बिजनेसमैन निखिल नंदा के बेटे अगस्त्य अपनी बहन नव्या नवेली नंदा के साथ भी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं, जो अपने पॉडकास्ट 'व्हाट द हेल नव्या ?' के लिए जानी जाती हैं। अपने पिता के जरिए वे कपूर परिवार से सीधे जुड़े हुए हैं क्योंकि वे ऋतु नंदा के पोते भी हैं।

#### पिता जानेमाने बिजनेसमैन

अगस्त्य के पिता निखिल नंदा एक जाने-माने बिजनेसमैन हैं। वे एस्कॉर्ट्स कुबोटा कंपनी में 36.5% हिस्सेदारी रखते हैं, जो कृषि व्यवसाय और इंजीनियरिंग में कारोबार करने वाली 7000 करोड़ से अधिक की एक बड़ी कंपनी है। उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 60 करोड़ रुपये है और खबरों के अनुसार उनका सलाना वेतन लगभग 13 करोड़ रुपये है।

**अमिताभ बच्चन:** बच्चन परिवार के मुखिया अमिताभ बच्चन भारत के टॉप स्टार्स में से एक हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके अमिताभ बच्चन की अनुमानित कुल नेट वर्थ ?3160 करोड़ है। सिनेमा के अलावा, वे 'कौन बनेगा करोड़पति' की होस्टिंग करते हैं और कई सरकारी अभियानों का चेहरा भी हैं। उनकी रियल एस्टेट संपत्ति लगभग ?200 करोड़ की है।

**जया बच्चन:** अमिताभ बच्चन की पत्नी और सम्मानित सांसद जया बच्चन ने सिनेमा जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपने पति के साथ कई फिल्मों में काम किया है और हाल ही में 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' (2023) में भी नजर आईं। उनकी कुल नेट वर्थ 1000 करोड़ रुपये से

### कैंटर-ट्रक की जोरदार भिड़ंत, चालक घायल

**हापुड़।** हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कैंटर ने हाईवे किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास हड़कंप मच गया। हादसे में कैंटर के परखच्चे उड़ गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को तुरंत निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाकर यातायात बहाल कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कैंटर की रफ्तार काफी तेज थी, जिस कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और खड़े ट्रक से भिड़ंत हो गई।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564